माघ कृष्ण पक्ष - अमावस्या, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 195 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

18 जनवरी 2026 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो

आज का मौसम

26 अधिकतम

11 न्यूनतम







## भोपाल गैस त्रासदी (टाइम लाइन)

**3 दिसंबर 1984:** यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड के भोपाल स्थित कीटनाशक कारखाने से मिथाइल आइसोसाइनेट गैस का रिसाव हुआ। लगभग 8 लाख लोग इस गैस के संपर्क में आए। अनुमानों के अनुसार 15,000 लोगों की मृत्यु हुई। अन्य कई लोगों पर गैस के दुष्प्रभाव आनुवंशिक (जेनेटिक) रूप से पड़े।

**4 दिसंबर 1984:** यूनियन कार्बाइड के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। कंपनी के चेयरमैन वॉरेन एंडरसन को गिरफ्तार किया गया, लेकिन बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया और विदेश भागने में मदद की गई।

**6 दिसंबर 1984:** मामले को सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) को सौंप दिया गया।

**1985:** भारत सरकार ने एक अमेरिकी अदालत में यूनियन कार्बाइड से 3.3 अरब डॉलर के हर्जाने का दावा किया।

**1 दिसंबर 1987:** जांच के बाद सीबीआई ने चार्जशीट दाखिल की। आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 304 भाग (गैर-इरादतन हत्या, जो हत्या की श्रेणी में नहीं आती),धारा 326 (खतरनाक हथियारों या साधनों से गंभीर चोट पहुंचाना)और अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोप तय किए गए।

**1989:** भारत सरकार और यूनियन कार्बाइड के बीच अदालत के बाहर समझौता हुआ। यूनियन कार्बाइड ने 470 मिलियन डॉलर का भुगतान किया।

**1992:** 470 मिलियन डॉलर की राशि का एक हिस्सा पीड़ितों में वितरित किया गया। वॉरेन एंडरसन को अदालत के समन की अनदेखी करने के कारण भगोड़ा घोषित किया गया।

**13 सितंबर 1996:** आरोपियों द्वारा सर्वोच्च न्यायालय का रुख करने के बाद, अदालत ने आरोपों में संशोधन किया और उन्हें धारा 304 (A) (लापरवाही से मृत्यु कारित करना),धारा 336 (ऐसे कार्य जो दूसरों के जीवन या व्यक्ति गत सुरक्षा को खतरे में डालें),धारा 337 (लापरवाही से चोट पहुंचाना) और अन्य धाराओं के अंतर्गत कर दिया गया।

**2001:** यूनियन कार्बाइड ने अपनी पूर्व भारतीय इकाई की कानूनी जिम्मेदारियों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया।

**2004:** सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया कि यूनियन कार्बाइड द्वारा दिए गए 470 मिलियन डॉलर की शेष राशि भी पीड़ितों को मुआवजे के रूप में वितरित की जाए। माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में रासायनिक पदार्थों के विनिष्टीकरण की मांग की गयी।

**वर्ष-2005:** 385.6 मीट्रीक टन रासासयनिक पदार्थों को संग्रहित कर एक सुरक्षित शेड में रखा गया।

**वर्ष-2008:** विनिष्टीकरण की कार्यवाही 06 सप्ताह में किये जाने के निर्देश प्रसारित किये गये। लाईम स्लज 39.6 मीट्रीक टन को सीपीसीबी का गाईडलाईन अनुसार सफलतापूर्वक लैंडफिल किया गया।

**7 जून 2010:** मामले में सभी आठ आरोपियों को दोषी ठहराया गया परंतु सभी आठ दोषियों को जमानत दे दी गई।

**वर्ष 2015:** भारत सरकार द्वारा विनिष्टीकरण की कार्यवाही हेतु 310 करोड का प्रावधान किया गया। जून 2015 में 10 मीट्रीक टन का ट्रॉयल रन सफलतापूर्वक किया गया।

**वर्ष-2021:** शेष बचे 337 मीट्रीक टन पदार्थों के विनिष्टीकरण हेतु निविदा आमंत्रित की गयी।

**वर्ष-2024:** भारत सरकार द्वारा विनिष्टीकरण हेतु राशि रू 126.00 करोड उपलब्ध कराई गयी।

**वर्ष 2025 में हुआ कचरे का निष्पादन**

**02 जनवरी 2025** में मेसर्स पीथमपुर द्वारा कुल 368 मीट्रीक टन रासायनिक पदार्थों को एकत्रित कर पीथमपुर ले जाकर परिवहन किया गया।

दिनांक 03.07.2025 तक मेसर्स पीथमपुर द्वारा अपशिष्ट पदार्थों को जलाये जाने की कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी।

मुख्यमंत्री जी के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल्स -कृपया फॉलो करें

### गैस पीड़ितों के साथ हर कदम पर खड़ी है सरकार

# सीएम ने किया यूका फैक्ट्री परिसर का निरीक्षण

# हवा साफ होने से अब मास्क की जरूरत नहीं

## यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर में बनाएंगे भोपाल गैस त्रासदी स्मारक

### 40 साल पुराने रासायनिक कचरे का हुआ निष्पादन, यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का होगा विकास

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 2 और 3 दिसम्बर 1984 की दरमियानी रात भोपाल में मिथाइल आइसोसायनाइट (एमआईसी) गैस का रिसाव एक भीषण दुर्घटना थी। घटना में बड़ी संख्या में लोग हताहत हुए। करीब 40 साल तक रासायनिक कचरा यहां पड़ा रहा। हमारी सरकार ने माननीय उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में बिना किसी पर्यावरण नुकसान और मानव हानि के यहां के रासायनिक कचरे का सफलतापूर्वक निष्पादन करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब हम समाज के सभी वर्गों एवं प्रभावित पक्षों को विश्वास में लेकर यूनियन कार्बाइड परिसर का विकास करेंगे और माननीय उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में अब स्वच्छ हो चुके इस परिसर में भोपाल गैस त्रासदी में दिवंगत व्यक्तियों की स्मृति में एक स्मारक बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार सभी गैस पीड़ितों के साथ हर कदम पर खड़ी है। प्रभावितों के कल्याण में हम कोई कमी नहीं रखेंगे।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शनिवार को भोपाल के आरिफ नगर स्थित यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का गहनता से निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग के अधिकारियों से इस परिसर में स्मारक निर्माण के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय श्री आलोक कुमार सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क श्री दीपक कुमार सक्सेना, संचालक गैस राहत श्री स्वतंत्र कुमार सिंह, निगमायुक्त श्रीमती संस्कृति जैन और गैस त्रासदी राहत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



## कैंपस के समुचित विकास के लिए किए जाएंगे सभी जरूरी इंतजाम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यूनियन कार्बाइड इंडिया लिमिटेड फैक्ट्री परिसर में पड़े रासायनिक कचरे का माननीय उच्च न्यायालय के मार्गदर्शन में समुचित निष्पादन किया जा चुका है। अब हम भोपाल मेट्रोपोलिटन एरिया के निर्माण के साथ इस परिसर के भी समुचित विकास के लिए सभी जरूरी प्रबंध कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मध्यप्रदेश के पहले ऐसे मुख्यमंत्री हैं, जो यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर में बिना किसी सेफ्टी मास्क के गए और फैक्ट्री के कोर एरिया का बारीकी से मुआयना किया।

निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा में कहा कि भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड कारखाने से जहरीली गैस का रिसाव मध्यप्रदेश की ही नहीं, देश की सबसे भीषण गैस त्रासदी थी। वर्ष 1984 में 2 और 3 दिसंबर की रात इस फैक्ट्री से गैस के दुष्प्रभाव के कारण भोपाल ने मौत का जो मंज़र देखा, वह हमारी स्मृतियों से कभी हटेगा नहीं। गैस त्रासदी के बाद तत्कालीन सरकार ने इस क्षेत्र को लावारिस छोड़कर बड़ी लापरवाही की। उन्होंने फैक्ट्री में फैले जहरीले कचरे को हटाने के लिए कोई निर्णय नहीं लिया और इस भीषण त्रासदी के बाद फैक्ट्री को बंद कर दिया गया। तत्कालीन सरकार के जिम्मेदारों ने फैक्ट्री के मालिक वॉरेन एंडरसन को यहां से भाग जाने में मदद की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र में यूपीए सरकार रहते हुए भी इस गैस प्रभावित क्षेत्र के विकास के लिए कुछ नहीं किया गया।

### यह दुनिया के लिए बड़ा संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब हमारी सरकार ने कोर्ट के सभी निर्देशों पर अमल करते हुए पिछले साल यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे का निष्पादन कराया। यह दुनिया के लिए एक संदेश भी है कि किस प्रकार आधुनिक वैज्ञानिक तरीकों से जहरीले कचरे को बिना पर्यावरण/मानव हानि के खत्म किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने राजधानी के माथे से इस कलंक का मिटाने का कार्य किया है। इसके लिए गैस राहत विभाग सहित सभी संबंधित प्रभावित पक्ष भी बधाई के पात्र हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शहरी विकास और सुशासन की व्यवस्थाएं स्थापित करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार, केंद्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है।



### मुख्यमंत्री ने महिला के अनुरोध पर रूकवाया अपना काफिला

यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर का सघन मुआयना करने के बाद लौटते वक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव को आरिफ नगर में पूजा कर रही एक महिला ने रोका। महिला के अनुरोध पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपना काफिला रूकवाया। मुख्यमंत्री से महिला ने अनुरोध किया कि भगवान भोलेनाथ को 2 अगरबत्ती लगा दीजिए। महिला ने अगरबत्ती जलाकर मुख्यमंत्री को दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मूर्ति पर महिला के आग्रह पर अगरबत्ती लगाकर भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। उन्होंने यहां क्षेत्रीय महिलाओं से आत्मीयता से पूछा कि सब ठीक है, लाड़ली बहना के पैसे मिल रहे हैं ? इस पर लाड़ली बहनों ने कहा कि हाँ, उन्हें हर महीने 1500 रुपए मिल रहे हैं। मुख्यमंत्री ने स्कूल जा रहे बच्चों से भी बातचीत की। इसके बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्कूली बच्चों के साथ खुद सेल्फी लेकर उन सबको खुश कर दिया। आरिफ नगर में एक महिला श्रीमती मंजु बाई ने बताया कि उसके पति बीमार हैं। कुछ आर्थिक मदद कर दीजिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्रीमती मंजु को दिलासा दी और एक अन्य महिला श्रीमती प्रभा बाई कुशवाहा सहित दोनों को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से 50-50 हज़ार रुपए मौके पर ही मंजूर कर दिये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नगर निगम कमिश्नर भोपाल श्रीमती संस्कृति जैन को इन दोनों महिलाओं के बैंक खाता नंबर नोट कर जल्द से जल्द बीमारी सहायता राशि उन्हें पहुंचाने के निर्देश दिए।

**भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा गैस पीड़ित परिवारों को सामाजिक पुनर्वास कार्यक्रम अंतर्गत विभिन्न प्रकार की राहत एवं सुविधाएं प्रदान की जा रही है।**

# गैस पीड़ितों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं

### सामाजिक सुरक्षा पेंशन

» गैस पीड़ितों विधवाओं (कल्याणी) महिलाओं को राज्य शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन कार्यक्रम अंतर्गत मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा पेंशन के अतिरिक्त गैस राहत विभाग द्वारा राशि रूपये 1000/- प्रतिमाह अतिरिक्त पेंशन के रूप में भुगतान की जा रही है।

» वर्तमान में 4334 गैस पीड़ित विधवाओं (कल्याणियों) को पेंशन प्रदान की जा रही है।

#### गैस पीड़ित क्षेत्रों में पर्यावरणीय पुनर्वास

» भारत सरकार, पर्यावरण एवं वन जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली की ओर से केन्द्रीय प्रदूषण निवारण मण्डल नई दिल्ली द्वारा 10 मीट्रिक टन यूसीआईएल वेस्ट का ट्रायल रन माह अगस्त-2015 में सफलापूर्वक पीथमपुर जिला-धार स्थित टीएसडीएफ (मध्यप्रदेश वेस्ट मैनेजमेंट रामकि एनवायरो इंजिनियर्स प्राईवेट लिमिटेड) में मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मण्डल भोपाल के तकनीकी अधिकारियों तथा केन्द्रीय प्रदूषण निवारण मण्डल के अधिकारियो की निगरानी में राज्य शासन के सहयोग से इंनसीनरेट कर विनिष्टीकरण किया गया।

» यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर, भोपाल स्थित 337 मीट्रीक टन अपशिष्ट पदार्थो के विनिष्टीकरण हेतु निविदा की प्रक्रिया पूर्ण कर सफल निविदाकार मेसर्स पीथमपुर इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के साथ अनुबंध निष्पादित किया गया। मेसर्स पीथमपुर इंडिस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट प्रायवेट लिमिटेड, पीथमपुर, जिला-धार द्वारा संचालक दिनांक 2 जनवरी 2025 तक पैकिंग, लॉडिग एवं परिवहन की कार्यवाही कर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। मेसर्स पीथमपुर इंडिस्ट्रीयल वेस्ट मेनेजमेंट प्रायवेट लिमिटेड, पीथमपुर जिला-धार द्वारा केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में दिनांक 03/07/2025 को अपषिष्ट पदार्थों को जलाये जाने की कार्यवाही पूर्ण की गयी।

### स्वास्थ्य का रखा जा रहा पूरा ध्यान

» राज्य सरकार द्वारा भोपाल गैस पीड़ितों और उनके बच्चों को आयुष्मान 卐निरामयम卐 मध्य प्रदेश योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है, जिसके अंतर्गत भोपाल के गैस पीडितो एवं उनके बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं, अभी तक लगभग 33180 भोपाल के गैस पीडितो एवं उनके बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं और यह एक सतत क्रिया है।

» भोपाल गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों को भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग अंतर्गत संचालित 06 चिकित्सालयों एवं 09 औषधालयों सगस्त चिकित्सकीय सुविधाएँ नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाती है इसके साथ-साथ प्रदेश में आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश योजना अंतर्गत अनुबंधित प्रदेश के समस्त चिकित्सालयों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। विशेष प्रकरणों में आयुष्मान भारत निरामयम मध्यप्रदेश योजना अंतर्गत निर्धारित पैकेज से अतिरिक्त व्यय होने पर संबंधित विकित्सालय को उसकी प्रतिपूर्ति गैस राहत विभाग द्वारा की जाती है।

» भोपाल गैस पीड़ित मरीज एवं उनके बच्चों को कैंसर उपचार हेतु गैस राहत विभाग द्वारा अनुबंधित 03 निजी चिकित्सालय एवं AIIMS, Bhopal के साथ अनुबंध किया जाकर उनको नि:शुल्क कैंसर उपचार की सुविधा प्रदान की जा रही है।

» भोपाल गैस पीडित मरीज एवं उनके बच्चों को किडनी एवं लिवर ट्रॉन्सप्लांट एवं अन्य अन्य प्रकार की गंभीर बिमारियों के उपचार हेतु विशेष प्रकरण मागते हुए उन्हे आवश्यकता अनुसार सहायता उपलब्ध कराने हेतु गैस राहत विभाग द्वारा धनराशि उपलब्ध कराकर उपचार सुविधा प्रदान की जा रही है।

» विभाग के अंतर्गत संचालित समरत चिकित्सालयों में अत्याधुनिक ईगरजेंसी यूनिट 24×7 गैरा पीडित मरीजों एवं उनके बच्चों के उपचार हेतु संचालित है।

» गैस राहत विभाग द्वारा गैस पीड़ित मरीजों एवं उनके बच्चों के किडनी रोग (सी.के.डी. -IV) गंभीर मरीजो के उपचार के लिये कमला नेहरू चिकित्सालय, गैस राहत, भोपाल में डायलिसिस यूनिट की स्थापना की गई है, जिसके अंतर्गत 13 डायलिसिस मशीनों को स्थापित कर नि:शुल्क उपचार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### समस्या का स्थायी समाधान और सुरक्षित भविष्य

भोपाल गैस त्रासदी के 40 वर्ष बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यह सिद्ध कर दिया है कि गैस त्रासदी अब केवल स्मरण या श्रद्धांजलि तक सीमित नहीं है, बल्कि जिम्मेदारी तय करने, स्थायी समाधान खोजने और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने से जुड़ा हुआ मामला है। इस संदर्भ में प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं :

#### जहरीले कचरे का निपटान: जिम्मेदारी का निर्वहन

» सरकार ने बंद पड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर में पड़े लगभग 337 टन जहरीले कचरे को हटाने और वैज्ञानिक तरीके से नष्ट कर निष्पादित करने का कार्य किया है।

» यह कचरा सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और केंद्रीय व राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की निगरानी में पीथमपुर धार जिला में सुरक्षित इंसीनरेशन द्वारा नष्ट किया गया।

» इसके लिए ग्रीन कॉरिडोर, सीलबंद कंटेनर और बहु-स्तरीय फिल्टर जैसी तकनीकों का उपयोग किया गया ताकि पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को कोई नुकसान न पहुंचे।

#### पर्यावरण और भूजल संरक्षण पर फोकस

सरकार द्वारा कचरे के निष्पादन के बाद अब भूमिगत प्रदूषण का वैज्ञानिक आकलन, दूषित मिट्टी और जल के शोधन , और दीर्घकालिक पर्यावरण निगरानी पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

#### पीड़ितों के स्वास्थ्य और पुनर्वास पर जोर

» गैस त्रासदी से प्रभावित लोगों के लिए विशेष अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को मजबूत करने, दीर्घकालिक बीमारियों की निगरानी और पीढ़ी-दर-पीढ़ी पड़ने वाले प्रभावों पर शोध किया जा रहा है।

» विधवाओं, दिव्यांगों और गंभीर रूप से प्रभावित परिवारों को पेंशन, मुआवजा और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ा गया है।

#### कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी

» भोपाल गैस त्रासदी केवल एक औद्योगिक दुर्घटना नहीं थी, बल्कि कॉरपोरेट लापरवाही और नियामक विफलता का परिणाम थी।

» इसी कारण पुराने कानूनी मामलों की समीक्षा, अतिरिक्त मुआवजे की संभावनाओं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदार कंपनियों की भूमिका पर चर्चा फिर से तेज हुई है।

माननीय मुख्यमंत्री जी का यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री का निरीक्षण और मीडिया बाइट

#### दशकों पुराना जहरीला कचरा हटाया गया- ऐतिहासिक निर्णय

भोपाल गैस त्रासदी के लगभग 40 वर्षों बाद, मध्य प्रदेश सरकार ने बंद पड़ी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री परिसर में जमा दशकों पुराने जहरीले कचरे को हटाने का ऐतिहासिक प्रक्रिया शुरू कर इसे अंजाम तक पहुँचाया। यह कदम लंबे समय से लंबित पर्यावरणीय, स्वास्थ्य और नैतिक जिम्मेदारी की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है।

#### क्या कचरा था?

» यह कचरा कीटनाशक निर्माण के दौरान बचा हुआ रासायनिक अपशिष्ट, दूषित मिट्टी और रसायनों के अवशेषों से बना था।

» इसमें मिथाइल आइसोसाइनेट से जुड़े पदार्थ भी शामिल थे, जो वर्षों तक खुले में पड़े रहने से मिट्टी और भूजल को प्रदूषित कर रहे थे।

» कुल मात्रा लगभग 337 टन थी, जो 1984 के बाद से फैक्ट्री परिसर में ही पड़ी हुई थी।

#### कैसे हटाया गया

» कचरे को सुरक्षित रूप से पैक कर सीलबंद कंटेनरों में रखा गया।

» इसे भोपाल से धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र तक ले जाने के लिए विशेष ग्रीन कॉरिडोर बनाया गया।

D-16150/25

### सूरत क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया था, 7 से अधिक राज्यों की पुलिस को थी तलाश

# जिस ईरानी डेरे के सरदार राजू को लेने डेरा डाले रहती थी पांच राज्यों की पुलिस, शिकंजे में आया तो उसे लेने तक नहीं आई

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अमन कॉलोनी स्थित ईरानी डेरे के सरदार जिस कुख्यात बदमाश राजू ईरानी को पकड़ने के लिए भोपाल में पांच राज्यों की पुलिस लंबे समय तक डेरा डाले रहती थी, उसके गिरफ्त में आने के बाद कोई भी पुलिस एजेंसी उसे लेने तक नहीं पहुंची। आखिरकार सात दिन की रिमांड पूरी होने के बाद भोपाल पुलिस ने राजू को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

निशातपुरा पुलिस के अनुसार राजू पर कोलकाता, पश्चिम बंगाल, गुरुग्राम, महाराष्ट्र, जयपुर और दिल्ली में कई गंभीर अपराध दर्ज हैं। उस पर लूट, संगठित अपराध, धोखाधड़ी और फरारी जैसे मामलों के आरोप हैं। अलग-अलग राज्यों की पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में थी और इनपुट मिलने पर भोपाल में कई बार दबिश भी दी गई थी। पिछले सप्ताह सूरत क्राइम ब्रांच ने उसे गिरफ्तार किया था।



इसके बाद भोपाल की निशातपुरा पुलिस उसे भोपाल लेकर आई। इसके बाद सात दिनों तक पुलिस ने उससे पूछताछ की, लेकिन अब तक किसी अन्य राज्य की पुलिस ने उसे प्रोडक्शन वारंट के जरिए गिरफ्तार करने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई।

### न्यायिक हिरासत में भेजा

इधर, भोपाल पुलिस ने उससे सात दिन की पूछताछ की और फिर शनिवार को न्यायालय में पेश कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। राजू लगातार बीमारी का हवाला देकर बचता रहा। पुलिस ने उससे डोजियर भरवा लिया है, जिसमें उसके करीबी रिश्तेदारों और गुर्गों की जानकारी दर्ज की गई है। एडिशनल डीसीपी जोन-3 मलकीत सिंह ने बताया कि आरोपित से जरूरी पूछताछ हुई है। पहले राजू ने कर्नाटक के पते पर बने पासपोर्ट से विदेश जाने की बात स्वीकारी थी। हालांकि इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली है। राजू बीते चार सालों में सात से अधिक राज्यों में वांटेड था। उसके खिलाफ मध्य प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, महाराष्ट्र, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में मामले दर्ज हैं। राजू सूरत में अपने साढ़ू के घर में छुपा था।

### एम्स की रिसर्च में बड़ा खुलासा

# समय पर भोजन और संतुलित दिनचर्या से कैंसर का खतरा कम

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

जीवनशैली में सुधार, जैसे नियमित, पर्याप्त नींद, समय पर भोजन और संतुलित दिनचर्या से कैंसर के खतरे को कम किया जा सकता है। यह हम नहीं कह रहे, बल्कि एम्स की रिसर्च में इसका खुलासा हुआ है।

शोधकर्ताओं का मानना है कि भविष्य में कैंसर का इलाज अधिक व्यक्तिगत होगा, जिसमें मरीज की नींद, दिनचर्या और जैविक घड़ी को ध्यान में रखकर उपचार तय किया जाएगा। इससे इलाज अधिक प्रभावी होगा और दवाओं के दुष्प्रभाव भी कम हो सकते हैं। एम्स के जैवरसायन विभाग के प्रोफेसर डॉ. अशोक कुमार द्वारा किए गए एक महत्वपूर्ण शोध में नींद की गड़बड़ी और कैंसर के बीच छिपा हुआ गहरा संबंध सामने आया है.




यह शोध डॉ. अशोक कुमार द्वारा डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव (केजीएमयू लखनऊ), मनेन्द्र सिंह तोमर और मोहित के सहयोग से किया गया है। यह अध्ययन अंतरराष्ट्रीय जर्नल स्लीप मेडिसिन रिव्यूज़ में प्रकाशित हुआ है। इस महत्वपूर्ण शोध के लिए डॉ. अशोक कुमार को एम्स भोपाल में आयोजित चौथे रिसर्च डे के दौरान फैकल्टी श्रेणी में बेस्ट पेपर अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया। यह शोध आम नागरिकों के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह दर्शाता है कि कैंसर की रोकथाम केवल दवाओं तक सीमित नहीं है।

### आम जनता के लिए संदेश

नियमित समय पर सोना और जागना, देर रात मोबाइल और स्क्रीन से दूरी रखना, भोजन और व्यायाम का समय तय करना बेहद आवश्यक है. स्वस्थ जीवनशैली न केवल सामान्य बीमारियों से बचाव करती है, बल्कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के खिलाफ भी एक मजबूत सुरक्षा कवच बन सकती है। डॉ. अशोक कुमार का यह शोध न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से मूल्यवान है, बल्कि आम जनता के लिए जागरूकता बढ़ाने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने में भी मार्गदर्शक साबित होगा। शोध में बताया गया है कि मानव शरीर एक प्राकृतिक दिन-रात के चक्र पर काम करता है, जिसे जैविक घड़ी या सर्कैडियन रिद्म कहा जाता है। यही चक्र हमारी नींद, हार्मोन, पाचन प्रक्रिया, ऊर्जा स्तर और रोगों से लड़ने वाली प्रतिरक्षा प्रणाली को नियंत्रित करता है। अध्ययन के अनुसार, जब यह चक्र बिगड़ता है, जैसे देर रात तक जागना, नाइट ड्यूटी करना या लगातार शिफ्ट में काम करना, तो शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। ऐसी स्थिति में कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने और फैलने का अवसर मिल सकता है. वैज्ञानिकों ने यह भी बताया कि कैंसर कोशिकाएं शरीर की ऊर्जा प्रणाली को अपने लाभ के लिए बदल लेती हैं, जिससे प्रतिरक्षा कोशिकाएं उन्हें नष्ट नहीं कर पातीं।

# अतिक्रमण... न्यू मार्केट से 16 ट्रक सामान जब्त, अब कल से पुराने शहर में कार्रवाई

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

पुराने शहर के चौक, इब्राहिमपुरा, लखेरापुरा, हनुमानगंज, सर्राफा, किराना सहित अन्य इलाकों में दुकानदारों ने नाली और फुटपाथ पर कब्जा कर टेबल रखवाकर किराये पर दी हैं। इसकी वजह से यहां जाम के हालात बनते हैं। समस्या अधिक बढ़ने के बाद सांसद आलोक शर्मा ने व्यापारियों के साथ बैठक रखी थी, जिसमें अनाउंसमेंट के बाद अतिक्रमण हटाने की हिदायत दी थी। इधर, शनिवार को नगर निगम का अमला न्यू मार्केट पहुंचा और दुकानदारों के सामने रखा सामान सहित सड़कों को जाम करने वाले ठेले, गुमठियों का 16 ट्रक सामान जब्त किया है। निगम की टीमों ने न्यू मार्केट इलाके में अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। एक ही दिन में निगम की टीमों ने 16 ट्रक सामान जब्त कर स्टोर भेजा। वहीं निगम की अब अगली कार्रवाई सोमवार से पुराने शहर में शुरू होगी। इसके लिए निगम ने इलाकों को चिंहित कर लिया है। पूरा शहर जाम की समस्या से जूझ रहा है। यह सड़क किनारे अतिक्रमणों की वजह से होता है। हालांकि निर्माण कार्यों के चलते सकरीं हुईं सड़कें भी एक वजह हैं। लेकिन, ऐसी स्थिति में भी सकरीं सड़कों किनारे ठेले-गुमठियां नजर आ रही हैं। शहर के प्रमुख बाजार न्यू मार्केट व चौक बाजार में पैदल चलना मुश्किल हो गया है। मिलीभगत से फुटपाथों पर दुकानें सज रही हैं। शनिवार को न्यू मार्केट में 7 घंटे चली कार्रवाई के दौरान दुकानों के बाहर रखीं जालियां, बोर्ड, पाइप, कपड़े और काउंटर सहित अन्य के 16 ट्रक भरकर सामान जब्त किया गया है।



# 2 स्लीपर बसें जब्त, दो की फिटनेस निरस्त, सात पर 3.10 लाख जुर्माना

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

स्लीपर बसों में फायर सेफ्टी को लेकर चल रही प्रदेशव्यापी चेकिंग के तहत भोपाल आरटीओ की टीम ने रात के समय यात्री बसों की जांच की। यह कार्रवाई रात 8 बजे से देर रात 1.30 बजे तक चली। चेकिंग के दौरान परमिट शर्तों के उल्लंघन पर दो यात्री बसों को जब्त किया गया। वहीं, दो बसों में इमरजेंसी एग्जिट बंद पाए जाने पर उनकी फिटनेस निरस्त कर दी गई। इसके अलावा सात यात्री वाहनों पर परमिट शर्तों के उल्लंघन के मामले में कुल 3.10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। आरटीओ के अनुसार आगे भी सभी स्लीपर यात्री बसों की चेकिंग जारी रहेगी। कार्रवाई फायर सेफ्टी ऑडिट के तहत की गई। बसों में इमरजेंसी एग्जिट, फायर एक्सटिंग्यूशर और स्लीपर सीटों पर लगे स्लाइडर की जांच की गई है। जिन बसों में खामियां पाई गईं, वहां मौके पर ही सुधार की कार्रवाई करवाई गई।

**इनकी फिटनेस निरस्त :** 6 एमपी 69 पी 0982, 6 पीवाई 05 ए 9667, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वालों में 6 एमपी 69 पी 0185, 6 एमपी 41 पी 1840

**इन बसों पर लगा जुर्माना :** 6 एमपी 41 पी 1465, 6 बीआर 06 जीजी 0717, 6एआर 11 ई 9191, 6 एआर 20 ई 4710 6 एमपी 36 पी 4433, 6एमपी 44 जेडई 3884, 6 डब्ल्यूबी 57 जे 9622 बसें शामिल हैं।

### गुड महाराजा कार्यक्रम

# पोलैंड की फिल्म मेकर मोनिका ने भोपाल के लोगों से किया संवाद

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

गुड महाराजा कार्यक्रम में चर्चा में मोनिका ने भारत और पोलैंड के उन रिश्तों की परतें खोलीं। जिनकी जड़ें दूसरे विश्व युद्ध की त्रासदी से निकलती हैं। उन्होंने बताया कि टूटे हुए पोलैंड और उसके हजारों शरणार्थियों को भारत ने न सिर्फ आश्रय दिया, बल्कि उन्हें सम्मान और भविष्य भी दिया।

बैठक द आर्ट हाउस पहुंचे दर्शक इतिहास के उस सजीव पल के साक्षी बन गए, जब पोलैंड से आई फिल्ममेकर और लेखिका मोनिका क्वास्जिकी और मुंबई से आई भरतनाट्यम कलाकार अपेक्षा निरंजन ने भोपाल की कला प्रेमी जनता के साथ संवाद किया। इस भावुक इतिहास के केंद्र में एक नाम उभरता है जामनगर के महाराजा दिग्विजय सिंह। मोनिका ने कहा कि गुड महाराजा कहानी की प्रेरणा वे ही हैं। महाराजा ने लगभग एक हजार पोलिश बच्चों और करीब चार हजार महिलाओं पुरुषों को अपने परिवार की तरह अपनाया। उनके रहने, पढ़ने और काम की पूरी जिम्मेदारी उठाई। पोलिश लोगों ने उन्हें पिता जैसा स्नेह दिया और बापू कह कर पुकारा। आज भी पोलैंड की राजधानी वॉरसव में चौक और स्मारक उनके नाम पर हैं



और देश उन्हें सम्मान से याद करता है। संवाद का संचालन भोपाल के फ्लेमेंको गिटारिस्ट संजीव श्री ने किया। उन्होंने दर्शकों और कलाकारों के बीच बातचीत को सहज और जीवंत बनाया। चर्चा में युवाओं, कलाकारों और बुद्धिजीवियों ने बढ़ चढ़कर सवाल पूछे और भारत पोलैंड के ऐतिहासिक रिश्तों को नई नजर से समझा। अंत में बैठक आर्ट हाउस की संस्थापक सदस्य और ध्रुपद गायिका सुरेखा कामले ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि कला सिर्फ मनोरंजन नहीं, यह इंसानी रिश्तों को जोड़ने की शक्ति रखती है।

# यूएनओ का पुनर्गठन किया जाना चाहिए

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की गतिविधियां लोकतांत्रिक मूल्यों का हास कर रही हैं. आज ऐसा लगता है कि यूएनओ की स्थिति क्षीण होती जा रही है। ऐसे में यूएनओ का पुनर्गठन किया जाना चाहिए। हालांकि वर्तमान स्थितियों में भले ही हम यूएनओ की प्रासंगिकता पर सवाल उठायें लेकिन यूएनओ की आवश्यकता हमेशा रहेगी, उसके सदस्यों की संख्या बढ़ाक र उसे और मजबूत बनाना चाहिए।

इस तरह के विचार शनिवार को हिंदी भवन में सुनाई दिये। अवसर था मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की नियमित श्रृंखला वरिष्ठ विमर्श का। महीने के तीसरे शनिवार को होने वाले विमर्श में इस बार 'ट्रंप की नीतियों से संयुक्त राष्ट्र संघ जैसी संस्थाएं अप्रासंगिक हो गई हैं? विषय पर विचार-विनिमय हुआ।

# बाल साहित्य सृजन करते समय साहित्यकार अपने बचपन से गुजरता है -कान्ति शुक्ला

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

श्रेष्ठ बाल साहित्य बच्चों को सांस्कृतिक और नैतिक रूप से समृद्ध करता है। एक अच्छे रचनाकार का संवेदनशील होना जरूरी है। वास्तव में बाल साहित्य सृजन में रचनाकार अपने बचपन से गुजरता है। यह उदगार वरिष्ठ बाल साहित्यकार कान्ति शुक्ला उर्मि ने व्यक्त किये। वे लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल द्वारा आयोजित पुस्तक पखवाड़े के ऑनलाइन विमर्श के सोलहवें सत्र की अध्यक्षता करते हुए मुख्य वक्ता के रूप मेँ बोल रही थीं। इस आयोजन मेँ प्रथम कृति जिस पर चर्चा हुईं वह थीं 'दादू का पिटारा'। गोकुल सोनी के बाल कहानी संग्रह पर विमर्श में भाग लेते हुए डॉ. संगीता भारद्वाज ने कहा कि - संग्रह की कहानियां अछूते नये परिवेश और समसामयिक विषयों पर हैं और बाल साहित्य की हर कसौटी पर खरी उतरती हैं। चर्चा के केंद्र मेँ दूसरी कृति थीं ' कुहू'। राजा चौरसिया के इस बाल कविता संग्रह की समीक्षा करते हुए विमर्शकार घनश्याम मैथिल अमृत ने कहा कि यह बाल एवं शिशु गीत की निर्दोष कृति है जो बच्चों के मनोरंजन के साथ उनमें सहज रूप मेँ ज्ञान विज्ञान और नैतिक शिक्षा का संदेश भी देती हैं। 'ग्राम्या' नामक लघुकथा संग्रह पर भी चर्चा हुई जिसके सम्पादक - कांता रॉय/ डॉ. गिरजेश सक्सेना हैं। इस पर डॉ. ममता माली ने कहा कि - ग्रामीण जीवन का यथार्थ और अनुभूतियाँ इन लघुकथाओं में है। इनकी भाषा और परिवेश मेँ ग्रामीण अंचल का प्रभाव स्पष्ट झलकता है। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी देशपांडे और चित्रा राघव राणा ने किया। लेखकों ने केंद्र का आभार प्रकट करते हुए लेखकीय वक्तव्य प्रकट किया।











# लोकभवन 25 से आमजन के लिए खुलेगा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

गणतंत्र दिवस पर लोकभवन को तीन दिनों के लिए आम नागरिकों के भ्रमण के लिए खोला जा रहा है. नागरिकों के भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों और लघु फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। आमजनों के लिए चित्र प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ। नवनीत मोहन कोठारी ने बताया कि नागरिक 25 जनवरी से 27 जनवरी तक निर्धारित समय में लोकभवन का अवलोकन कर सकेंगे। 25 और 27 जनवरी को लोकभवन दोपहर 2 से सायं 8 बजे तक खुला रहेगा। वहीं 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को लोकभवन भ्रमण सुबह 11 से दोपहर 2 बजे तक ही किया जा सकेगा। आम नागरिकों के लिए लोकभवन में प्रवेश एवं निकास की व्यवस्था गेट क्रमांक- 1 से ही सुनिश्चित की गई है।

# अफसरों ने खींची रस्सी, बैलून गेम खेले

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

राजधानी भोपाल में आईपीएस सर्विस मीट के दूसरे दिन प्रदेशभर से आए आईपीएस अफसरों और उनके परिजन ने रिजॉर्ट में खेलकूद और मनोरंजक गेम्स खेल खेलकर भरपूर आनंद लिया। प्रतिभागियों को ब्लू, रेड, ग्रीन और येलो टीम में विभाजित किया गया। स्पर्धाओं में रस्साकशी, हुला हूप, फन अंताक्षरी और बैलून गेम शामिल रहे, बच्चों के लिए अलग-अलग स्पर्धाएं आयोजित की गईं थीं. इसके बाद सभी अधिकारियों को सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) का प्रशिक्षण भी दिया गया।



# परिचय सम्मेलन 25 को

**भोपाल।** जिझौतिया ब्राह्मण कल्याण परिषद द्वारा 25 जनवरी को सर्वधर्म मंदिर, मिनाल रेसीडेंसी में सुबह 10 बजे से सर्व ब्राह्मण युवक-युवती परिचय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष दिनेश तिवारी के मुताबिक परिचय सम्मेलन में विभिन्न राज्यों के युवक-युवतियां शामिल होंगे।

## मेट्रो एंकर



### महाभारत समागम का दूसरा दिन...

# उर्वशी और शिखंडी के मंचन ने बांधा समा

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

वीर भारत न्यास की ओर से आयोजित महाभारत समागम के दूसरे दिन महाभारत की कथाएं नृत्य-नाट्य की विविध शैलियों में सजीव हुईं। श्रीलंका और पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर से आए कलाकारों ने अपनी-अपनी परंपरागत विधाओं में महाभारत के प्रसंग प्रस्तुत कर दर्शकों को भारतीय सभ्यता की गहराई और विस्तार से रूबरू कराया। कार्यक्रम के बहिरंग मंच पर कोलंबो स्थित एके फोक आर्ट रिसर्च सेंटर की संगीत-नाट्य प्रस्तुति 'पांचाली' ने भावनाओं और वीरता का सशक्त संसार रचा। इससे पहले पूर्वरंग में कथकली शैली में 'दुशासन वध', मणिपुर से आई नृत्य नाटिका 'उर्वशी' और अंतरंग मंच पर दिल्ली के रंगकर्मियों द्वारा प्रस्तुत 'शिखंडी' का मंचन हुआ। बहिरंग मंच पर प्रस्तुत 'पांचाली' में महाभारत का एक मार्मिक और प्रेरक प्रसंग दिखाया गया। कथा की शुरुआत बदरिकाश्रम से होती है, जहां द्रौपदी प्रकृति के सौंदर्य में डूबी हैं। एक दिव्य पुष्प उन्हें और पुष्प पाने की इच्छा से भर देता है। इस इच्छा की पूर्ति के लिए भीम वन की ओर निकलते हैं। घने जंगल में भीम का सामना हनुमान से होता है। बार-बार प्रयास के बावजूद जब भीम असफल होते हैं, तब उन्हें अपनी सीमाओं का बोध होता है। हनुमान स्वयं को भीम का भाई बताते हैं और भविष्य में अर्जुन के रथ पर विराजमान होकर साथ देने का वचन देते हैं। यह दृश्य दर्शकों के लिए गहरे भावनात्मक प्रभाव वाला रहा। आगे की कथा में भीम राक्षसों का संहार करते हैं, कुबेर से पुष्प तोड़ने की अनुमति मिलती है और अंततः पांडवों का पुनर्मिलन होता है। अर्जुन का इंद्रलोक से दिव्य अस्त्र-शस्त्र लेकर लौटना और भाइयों से मिलन पारिवारिक एकता और भावी युद्ध की तैयारी को प्रभावी ढंग से दर्शाता है। अंतरंग मंच पर प्रस्तुत नाटक 'शिखंडी' ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया। यह प्रस्तुति उस पात्र की आंतरिक लड़ाई को सामने लाती है, जिसे इतिहास ने लंबे समय तक हाशिये पर रखा।

### विश्वविद्यालय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता

# मुंबई को 22 रन से हराकर बरकतउल्ला सेमीफाइनल में

**भोपाल. दोपहर मेट्रो।**

पश्चिम क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट महिला प्रतियोगिता का आयोजन वनस्थली विद्यापीठ वनस्थली राजस्थान द्वारा किया जा रहा। क्वार्टर फाइनल मैच में बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने मुंबई विश्वविद्यालय को 22 रनों से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके साथ ही बरकतउल्ला विश्वविद्यालय ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी प्रतियोगिता के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। मुंबई विश्वविद्यालय ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया, जिसमें बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय ने 15 ओवर में 122 रन का लक्ष्य दिया बीयू की तरफ से कप्तान रिशिता परिहार 20 बॉल पे 22 रन बनाये, पलक यादव ने 25 बॉल पर 31 रन बनाए, काजल सिंह ने 11 बॉल पर 22 रन बनाए, निकिता शर्मा ने 10 बॉल पर 17 रन बनाये। बैटिंग करने उतरी मुंबई 99 रन ही बना पाई। बीयू से अंशुलिका सिंह को 3 विकेट मिले। रचना, ऋषिता,पलक ने 1-1 विकेट लिए। बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी ने ये मैच जीतकर ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी के लिए क्वालिफाई कर लिया है। टीम कोच डॉ. दीक्षा सिंह हैं।

माघ कृष्ण पक्ष - अमावस्या, 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 195 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल

18 जनवरी 2026 रविवार

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

आज का मौसम

26 अधिकतम

11 न्यूनतम

# गुड गवर्नेंस चाहता है देश का वोटर : मोदी

## असम में 6,957 करोड़ के काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी

## कांग्रेस पर निशाना... सरकार बनाने और वोट के लिए घुसपैठियों को बढ़ावा दिया

**नईदिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज असम के काजीरंगा में कहा कि असम इस समय एक बड़ी चुनौती का सामना कर रहा है। यह असम की पहचान और संस्कृति को बचाने की चुनौती है। कांग्रेस ने सिर्फ सरकारें बनाने और कुछ वोट पाने के लिए असम की मिट्टी को घुसपैठियों को सौंप दिया गया। बीते कुछ समय में हुए चुनावों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि जनता का जनादेश स्पष्ट है। देश का वोटर आज गुड गवर्नेंस चाहता है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक असम में सरकार बनाई और इस दौरान घुसपैठ बढ़ती गई। कांग्रेस की एक ही रीति है, घुसपैठियों को बचाओ, घुसपैठियों की मदद से सत्ता पाओ। पूरे देश में कांग्रेस और उसके साथी यही कर रहे हैं। बिहार में भी इन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए यात्राएं निकालीं, रैलियां निकालीं, लेकिन बिहार की जनता ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर दिया। अब असम की जनता की बारी है। मुझे विश्वास है कि असम की धरती से भी कांग्रेस को करारा जवाब मिलेगा। पीएम मोदी ने असम में 6,957 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर की आधारशिला रखी। इस एलिवेटेड कॉरिडोर का काम पूरा होने के बाद इलाके में कनेक्टिविटी बहुत सुधर जाएगी। इसका असर ये होगा कि काजीरंगा नेशनल पार्क में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा और व्यापार-औद्योगिक विकास के लिए नए रास्ते खुलेंगे। युवाओं को रोजगार मिलेगा और नए मौके भी पैदा होंगे। इससे क्षेत्र आर्थिक रूप से काफी तरक्की करेगा।

**दो अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी:** प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी (कामाख्या)-रोहतक अमृत भारत एक्सप्रेस और डिब्रूगढ़-लखनऊ (गोमती नगर) अमृत भारत एक्सप्रेस नामक दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ियों को हरी झंडी दिखाई। इनसे पूर्वोत्तर और उत्तरी भारत के बीच रेल संपर्क मजबूत होगा।



### निगेटिव पॉलिटिक्स को देश की जनता ने नकारा

महाराष्ट्र नगर निगम चुनावों के बारे में बोलते हुए पीएम मोदी ने कहा, 'मुंबई जो दुनिया की बड़ी निगमों में से एक है, वहां की जनता ने पहली बार बीजेपी को जनादेश दिया। जीत मुंबई में हो रही है, जश्न काजीरंगा में मनाया जा रहा है। महाराष्ट्र की जनता ने बीजेपी को सेवा का अवसर दिया है। इससे पहले सूदूर दक्षिण में केरल की जनता ने बीजेपी को बहुत बड़ा समर्थन दिया है। वहां पहली बार बीजेपी का मेयर बना है। वो विकास और विरासत दोनों को पसंद करता है, इसलिए वो बीजेपी को पसंद करता है। इन चुनावों का एक और संदेश है। कांग्रेस की निगेटिव पॉलिटिक्स को देश लगातार नकार रहा है। जिस मुंबई शहर में कांग्रेस का जन्म हुआ था वहां आज चौथे और पांचवें नंबर की पार्टी बन गई है।

### बंगाल में आज ममता को घेरेंगे प्रधानमंत्री


पश्चिम बंगाल में एक बार फिर सिंगूर के बहाने राजनीति गरमाने जा रही है। इस साल राज्य में होने जा रहे असेंबली चुनाव से पहले पीएम मोदी बंगाल को मथने में लगे हैं। अपने बंगाल दौरे के दूसरे दिन यानी रविवार को वे हुगली जिले में आने वाले सिंगूर में 830 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। साथ ही जनसभा को संबोधित कर ममता सरकार पर भी निशाना साधेंगे। बीजेपी ने इस सभा को भाजपा की 'परिवर्तन संकल्प रैली' का नाम दिया है। विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिंगूर दौरा केवल एक प्रशासनिक कार्यक्रम नहीं है। इसे राजनीतिक संकेतों से भरा हुआ अहम दौरा माना जा रहा है।

## न्यूज विंडो

### अविमुक्तेश्वरानंद को संगम जाते समय पुलिस ने रोका


**प्रयागराज।** संगम नगरी में मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। पुलिस प्रशासन के मुताबिक मौनी अमावस्या के मद्देनजर मेला क्षेत्र को 'नो-व्हीकल जोन' घोषित किया गया है, जिसके कारण किसी भी बड़े काफिले या वाहन को आगे बढ़ने की अनुमति नहीं दी जा रही है। वहीं, शंकराचार्य को संगम तट जाने से रोक दिया गया। विवाद इतना बढ़ गया कि पुलिस और शंकराचार्य के शिष्यों के बीच धक्का-मुक्की होने लगी। पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए समर्थकों को धक्का देकर पीछे हटाया।

### सोलापुर नेशनल हाईवे पर हादसा, 5 लोगों की मौत



**सोलापुर।** महाराष्ट्र के सोलापुर में एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सोलापुर से पुणे जाने वाले नेशनल हाइवे पर एक कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में कार में सवार पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। ये सभी लोग देवदर्शन के लिए पनवेल से अक्कलकोट जा रहे थे, तभी महोल के पास यह हादसा हो गया। वहीं मृतकों की पहचान के लिए पुलिस की टीम प्रयास कर रही है।

### अमेरिका ने सीरिया पर किया बड़ा हवाई हमला



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने मुस्लिम देश सीरिया पर हमला किया है। इस हमले में अल-कायदा से संबद्ध एक नेता की मौत हो गई। अधिकारियों के अनुसार इस नेता का सीधा संबंध पिछले महीने हुए आईएस के हमले से था, जिसमें दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक दुभाषिया मारे गए थे। यूएस सेंट्रल कमांड ने घोषणा की कि उत्तर-पश्चिमी सीरिया में किए गए हमले में बिलाल हसन अल-जासिम की मौत हुई, जिन्हें उन्होंने 'आतंकवादी नेता' बताया है, जो हमलों की साजिश रचता था और 13 दिसंबर को हुए हमले से 'सीधे जुड़ा हुआ' था।

### मनोज तिवारी के घर हुई चोरी, कर्मचारी गिरफ्तार

**नईदिल्ली।** उत्तर-पूर्वी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद और मशहूर गायक मनोज तिवारी के मुंबई स्थित घर में चोरी का मामला सामने आया है। अंधेरी पश्चिम के शास्त्रीनगर इलाके में स्थित सुंदरबन अपार्टमेंट में हुई इस चोरी में करीब 5.40 लाख रुपये की नकदी गायब होने की बात सामने आई है। पुलिस ने इस मामले में उनके एक पूर्व कर्मचारी को गिरफ्तार किया है।

## ईरान संकट के बीच कल भारत आ सकते हैं राष्ट्रपति बिन जायद अल नाहयान

# भारत-यूएई के बीच संबंधों की नई इबारत

**नईदिल्ली. एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान सोमवार को भारत दौरे पर आ सकते हैं। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है जब खाड़ी देशों के बीच तनाव बढ़ रहा है। साथ ही, ईरान को लेकर क्षेत्रीय समीकरण भी बदल रहे हैं। ऐसे वक्त में भारत और यूएई अपने रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करना चाहते हैं।

जानकारी के मुताबिक, यूएई के राष्ट्रपति का ये भारत दौरा महज आधे दिन का हो सकता है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और यूएई के राष्ट्रपति के बीच व्यक्तिगत संबंध बहुत अच्छे हैं। इसी मजबूत रिश्ते की वजह से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंध तेजी से आगे बढ़े हैं। यह दौरा दोनों देशों के बीच पिछले दस सालों में होने वाली कई बड़ी मुलाकातों में से एक होगा। इससे पहले, मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान 2016 और 2017 में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस के तौर पर भारत आए थे। सितंबर 2023 में, नाहयान संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति बनकर जी20 लीडर्स समिट में शामिल हुए थे। इसके बाद, नवंबर 2023 में उन्होंने वर्चुअल ग्लोबल साउथ समिट में भी हिस्सा लिया। जनवरी 2024 में, वे गुजरात में 10वें वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के मुख्य अतिथि थे। दोनों देशों के बीच 2022 में हुए कॉम्प्रिहेंसिव इकोनॉमिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट के कारण व्यापार बहुत बढ़ा है। 2025 में, दोनों देशों के बीच गैर-तेल व्यापार 37.6 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 34 फीसदी ज्यादा है। इससे यह उम्मीद है कि 2030 तक दोनों देश 100 अरब डॉलर के गैर-तेल व्यापार का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। यूएई भारत में विदेशी निवेश का सातवां सबसे बड़ा स्रोत है।



फाइल

## सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम निर्देश

# छात्र आत्महत्या के मामले की तुरंत रिपोर्ट करें शिक्षण संस्थान

**नईदिल्ली, एजेंसी**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह देशभर के उच्च शिक्षण संस्थानों में आत्महत्या की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से दुखी है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कोर्ट ने कुछ अंतरिम निर्देश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि उच्च शिक्षण संस्थानों को आत्महत्या की किसी भी घटना की रिपोर्ट करनी होगी, चाहे वह छात्रावास में हुई हो, पीजी या किसी ऑनलाइन छात्र के साथ हुई हो। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेबी पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच ने कहा है कि स्कॉलरशिप मिलने में देरी के कारण फीस जमा न कर पाने वाले किसी भी स्टूडेंट को संस्थान परीक्षा देने से रोक नहीं सकते। न ही उसे क्लास में उपस्थित होने से वंचित कर सकते हैं। इस आधार पर स्टूडेंट का दस्तावेज भी नहीं रोका जा सकता है। सभी पेंडिंग स्कॉलरशिप भुगतान संबंधित केंद्रीय या राज्य प्राधिकरण चार महीने के भीतर निपटाएं। सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश 24 मार्च 2025 के उस आदेश के अनुपालन में दिए, जिसमें कोर्ट ने छात्रों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को दूर करने और उच्च शिक्षण संस्थानों में बढ़ती आत्महत्याओं को रोकने के लिए एक राष्ट्रीय टास्क फोर्स का गठन किया था। सुप्रीम कोर्ट देश भर के शैक्षणिक संस्थानों में आत्महत्या के मामलों की निगरानी कर रही है।



# रहमान के बयान पर विवाद, विहिप ने कहा- वे हामिद अंसारी के गुट में शामिल

### कहा था- मुस्लिम होने के कारण नहीं मिलता काम

**मुंबई, एजेंसी**



ऑस्कर विजेता म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान के उस बयान ने विवाद खड़ा कर दिया है, जिसमें उन्होंने पिछले 8 सालों में बॉलीवुड में कम काम मिलने की बात कही है। रहमान ने एक इंटरव्यू में कहा था कि उन्हें कम काम मिलने की वजह सांप्रदायिकता भी हो सकती है। भारतीय जनता पार्टी और विश्व हिंदू परिषद ने उनके इस बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

विहिप ने उन्हें पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी के गुट में शामिल बता दिया है। रहमान ने अपने इंटरव्यू में कहा था कि पिछले कुछ सालों में उन्हें कम काम मिल रहा है। उन्होंने यह भी कहा था कि उन्हें कई प्रोजेक्ट्स के बारे में दूसरों से पता चलता है। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने रहमान के इस दावे को 'बिल्कुल झूठा' बताया है। उन्होंने कहा यह कहना बिल्कुल गलत है कि उन्हें मुस्लिम होने की वजह से इंडस्ट्री में सपोर्ट नहीं मिल रहा है। विहिप के प्रवक्ता विनोद बंसल ने काम न मिलने की वजह को सांप्रदायिक कारणों से जोड़ने के लिए उन पर हमला किया। बंसल ने कहा कि ऐसा लगता है कि एआर रहमान भी उस गुट के नेता बन गए हैं, जिसके नेता कभी पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी थे। उल्लेखनीय है कि इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट में रहमान को उनके पतन के लिए खुद जिम्मेदार बताया गया है।

### लखनऊ में इंडिगो विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ।** दिल्ली से सिलीगुड़ी (बागडोगरा) जा रहे इंडिगो के एक विमान में बम होने की खबर से रविवार को हड़कंप मच गया। सुरक्षा कारणों के चलते विमान को आनन-फानन में लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया। मिली जानकारी के अनुसार, इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6E 6650 ने दिल्ली से उड़ान भरी थी। उड़ान के दौरान विमान के टॉयलेट में एक टिश्यू पेपर मिला, जिस पर विमान में बम होने की धमकी लिखी हुई थी। जैसे ही क्रू को इसकी जानकारी मिली, पायलट ने तत्काल कंट्रोल रूम से संपर्क किया और लखनऊ में इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी।

# गोवा में 2 रूसी महिलाओं की गला रेतकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**पणजी, एजेंसी**

गोवा में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां 37 वर्षीय रूसी नागरिक एलेक्सी लियोनोव पर 2 रूसी महिलाओं की हत्या का आरोप है। पुलिस ने शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी लिव-इन पार्टनर एलेना कस्थनोवा का शव उत्तर गोवा के अरंबोल में किराए के कमरे से मिला था। महिला का गला रेता गया था और उसके हाथ रस्सी से पीछे बंधे हुए थे। पूछताछ के दौरान उसने न केवल इस हत्या को कबूल किया, बल्कि एक अन्य रूसी महिला एलेना वानीवा की हत्या का भी खुलासा किया, जिसका शव मोरजिम गांव में बरामद हुआ था।

संडे लाइफ में आज



लाइफ

होटल में फ्री WiFi मिलना सुविधाजनक लेकिन सुरक्षित नहीं, सावधानी जरूरी

- पं. विष्णु राजौरिया का साप्ताहिक राशिफल कॉलम- सितारों की बात।
- होटल में फ्री वाईफाई इस्तेमाल करने के खतरे।

## आज का कार्टून




## मेट्रो एंकर

## ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास, संघर्ष और सशक्त भारत की तस्वीर

# महिलाओं का घूंघट छुड़ाया... अब प्रियंका बनेंगी रिपब्लिक डे की गेस्ट

**पलामू, एजेंसी**

जिले के पांडू पंचायत की युवा मुखिया प्रियंका सिंह के लिए यह गर्व और सम्मान का क्षण है। उन्हें 26 जनवरी को दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। झारखंड के पंचायती राज विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए प्रियंका इस ऐतिहासिक समारोह में शामिल होंगी।

प्रियंका की बड़ी उपलब्धि गांव की महिलाओं को घूंघट प्रथा से बाहर लाकर मुख्य धारा से जोड़ना है। इस उपलब्धि पर प्रियंका ने कहा कि सशक्त ग्राम पंचायतें ही मजबूत लोकतंत्र और विकसित भारत की नींव होती हैं। यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं, बल्कि पांडू पंचायत की हर उस महिला का है जिसने बदलाव की इस यात्रा में कदम से कदम मिलाकर साथ दिया। प्रियंका लगातार दो बार अपनी पंचायत की मुखिया चुनी गई हैं। अपने कार्यकाल की शुरुआत से ही उन्होंने महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी। चुनाव के दौरान पंचायत भ्रमण में उन्होंने देखा कि महिलाओं में घूंघट (पर्दा) प्रथा का प्रचलन अधिक है, महिलाएं मजदूरी, रोजगार और विकास की मुख्यधारा से कट रही हैं। आर्थिक तंगी और घरेलू हिंसा की शिकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना उनके लिए सबसे बड़ी चुनौती थी।



### 'महिला सशक्त पंचायत' बनाकर महिलाओं को काम से जोड़ा

उन्होंने पंचायत को 'महिला सशक्त पंचायत' बनाने का संकल्प लिया। उनके नेतृत्व में पंचायत को महिला फ्रेंडली बनाया गया। मनरेगा के तहत 60 से 70 प्रतिशत महिलाओं को काम से जोड़ा गया। वहीं शत प्रतिशत बच्चियां स्कूल जाने लगीं और दीदी बाड़ी योजना के माध्यम से महिलाएं सड़कों और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने लगीं। जेएसएलपीएस के अंतर्गत 13 महिला समूह गठित किए गए, जिनके जरिए महिलाओं को जागरूकता और स्वरोजगार से जोड़ा गया। पंचायत में ऑनलाइन व्यवस्था को बढ़ावा दिया गया ताकि पारदर्शिता और सहभागिता सुनिश्चित हो सके। प्रियंका बताती हैं कि नल-जल योजना से घर-घर पानी पहुँचाने को चुनौती के रूप में लिया गया। वर्षों से विकास से वंचित शिवाला टोला और अन्य गांवों तक सड़क का निर्माण कराया गया। अब तक पंचायत में लगभग 1700 आवास बनाए जा चुके हैं। महिला सशक्त पंचायत के रूप में उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस पंचायत को 2017 में सहमति मिली और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। उन्हें दिल्ली में महिला सशक्त पंचायत बनाने के लिए विशेष अवॉर्ड भी प्राप्त हो चूका है। दिल्ली से मिले को लेकर प्रियंका भावुक हैं। उन्होंने कहा कि बचपन में दादा-दादी टीवी पर गणतंत्र दिवस समारोह दिखाते थे। आज उसी कर्तव्य पथ पर सामने से समारोह देखने का अवसर मिलना सपने के सच होने जैसा है। यह कहानी सिर्फ एक मुखिया की नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं के आत्मविश्वास, संघर्ष और सशक्त भारत की तस्वीर है।



## साइबर सेफ्टी

# होटल में फ्री WiFi मिलना सुविधाजनक लेकिन सुरक्षित नहीं , सावधानी जरूरी

**होटल में फ्री वाई-फाई मिलना बहुत सुविधाजनक है, लेकिन क्या यह खतरनाक हो सकता है। होटल में चेक-इन करते ही वाई-फाई से अपना फोन कनेक्ट करने वालों के मन में यह सवाल आता है। रिसर्च से पता चलता है कि होटल के वाई-फाई से डेटा ब्रीच और साइबर स्टॉकिंग जैसी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। अगर आप होटल में चेक-इन करते हैं तो आपको जानना चाहिए कि होटल के वाईफाई से कैसे सुरक्षित रहें।**

रीडर्स डाइजेस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, होटल के वाई-फाई से फोन या लैपटॉप कनेक्ट करने से आपके डेटा, पर्सनल जानकारी और बैंक अकाउंट में जमा पैसों पर खतरा मंडराने लगता है। होटल के वाई-फाई से हजारों लोग कनेक्ट होते हैं और ऐसे में हैकिंग का शिकार हो जाना कोई बड़ी बात नहीं है। ऐसे नेटवर्क में आउटडेटेड सेफ्टी फीचर्स होने से हैकर्स के लिए इनमें सेंध लगाना बहुत आसान हो जाता है।

एक बार जब अपराधी होटल के वाई-फाई राउटर का एक्सेस पा लेते हैं, तो वे नेटवर्क पर मौजूद किसी भी डिवाइस के डेटा तक पहुंत सकते हैं। वो आपकी ऑनलाइन एक्टिविटीज पर नजर रख सकते हैं, आपके पासवर्ड और निजी जानकारी चुरा सकते हैं। यहां तक कि आपके डिवाइस में हेरफेर भी कर सकते हैं। हैकर्स एक मैलवेयर छोड़ सकते हैं, जो वाई-फाई राउटर के जरिए उससे कनेक्टेड अन्य डिवाइसों में जा सकता है। या फिर वह राउटर में रहकर नेटवर्क की मदद से किसी भी अन्य डिवाइस से डेटा कलेक्ट कर सकता है या राउटर की सेटिंग्स को बदल सकता है। इससे लोग फेक वेबसाइटों पर रीडायरेक्ट हो सकते हैं।



### पासवर्ड वाले वाई-फाई कितने सुरक्षित?

अगर होटल के वाई-फाई में पासवर्ड है, तो क्या वो सेफ है? इसका जवाब है नहीं। जी हां, हमेशा ऐसे नेटवर्क सुरक्षित हों, ये जरूरी नहीं है। जैसे ही हम होटल के वाई-फाई नेटवर्क से कनेक्ट होते हैं तो होटल खुद भी आपकी बेसिक जानकारी देख सकता है जैसे आपके डिवाइस की जानकारी। साइबर अपराधी को जब कोई ऐसा होटल वाई-फाई नेटवर्क मिलता है, जिसमें सुरक्षा फीचर्स नहीं होते, तो वे नेटवर्क से जुड़ सकते हैं और स्पाईवेयर इंस्टॉल कर सकते हैं। फिर उस वाई-फाई से जुड़े अन्य सभी डिवाइसों को हैक किया जा सकता है। वहां से हैकर्स 'सेशन टेकओवर' लॉन्च कर सकते हैं, जिसके दौरान वे आपके वेब ब्राउजिंग सेशन को हाईजैक कर लेते हैं और आपके डिवाइस पर सब कुछ एक्सेस कर लेते हैं, जिसमें पासवर्ड और संवेदनशील डॉक्युमेंट्स जैसी चीजें शामिल होती हैं।

### यूजीसी दे चुका है छात्रों को सलाह

हाल के सालों में ये ट्रेंड बढ़ा है कि ऑनलाइन क्लास, डिजिटल लर्निंग, ऑफिस वर्क, OTT प्लेटफॉर्म और सोशल मीडिया के इस्तेमाल के लिए लोग इंटरनेट का सहारा लेते हैं। हालांकि सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है, जब हम किसी ऐसी जगह पर हों, जहां मोबाइल का डेटा इंटरनेट काम नहीं कर रहा हो।

ऐसे में लोग पब्लिक Wi-Fi की तलाश करते हैं। आमतौर पर पब्लिक Wi-Fi रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप, एयरपोर्ट, होटल या रेस्टोरेंट जैसी सार्वजनिक जगहों पर उपलब्ध होते हैं। यह पूरी तरह से मुफ्त होते हैं। इन्हें कोई भी अपने मोबाइल, टैबलेट या लैपटॉप से कनेक्ट कर सकता है। पब्लिक Wi-Fi का इस्तेमाल सुविधाजनक तो है है, लेकिन यह जोखिम भरा भी हो सकता है। हाल ही में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (UGC) ने छात्रों को पब्लिक Wi-Fi से पर्सनल या प्रोफेशनल अकाउंट लॉगिन न करने की सलाह दी है क्योंकि इसके इस्तेमाल से लोग स्कैम या फ्रॉड का शिकार भी हो सकते हैं। कुछ कैफे और रेस्टोरेंट फ्री Wi-Fi की सुविधा देते हैं, लेकिन उनकी नेटवर्क सिक्योरिटी मजबूत नहीं होती है। हैकर्स ऐसी जगहों पर फेक Wi-Fi नेटवर्क सेट कर सकते हैं, जिससे यूजर्स की जानकारी चोरी हो सकती है। शॉपिंग मॉल में फ्री Wi-Fi के जरिए लोग पेमेंट ट्रांजैक्शन या सोशल मीडिया एप्स का इस्तेमाल करते हैं। ऐसी जगहों पर फिशिंग अटैक और मालवेयर के जरिए आपकी बैंक डिटेल्स चोरी हो सकती हैं। अक्सर एयरपोर्ट्स और रेलवे स्टेशन जैसी सार्वजनिक जगहों पर हजारों लोग मौजूद होते हैं। ऐसे में फेक Wi-Fi पोर्टल के जरिए हैकर्स आपका पर्सनल डेटा चोरी कर सकते हैं।

### VPN का करें इस्तेमाल

एक्सपर्ट का कहना है कि यात्रा के दौरान सुरक्षित रहने के लिए वीपीएन का उपयोग करना चाहिए। होटल वाई-फाई पर बैंकिंग जैसे लेनदेन से बचें और सभी जरूरी अकाउंट्स पर टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन को इनेबल करना चाहिए। ज्यादा से ज्यादा कोशिश करें कि पब्लिक वाई-फाई के बजाय अपने मोबाइल हॉटस्पॉट का उपयोग करें या एक सुरक्षित ट्रैवल राउटर लाएं।

होटल वाई-फाई से कनेक्ट करते समय अपने डिवाइस को सुरक्षित रखने के लिए एक्सपर्ट, फायरवॉल या अन्य टूल का उपयोग करने का सुझाव देते हैं, जो मैलवेयर या हाईजैकर से लड़ सकते हैं। आप जिन वेबसाइटों पर जाते हैं, उनके ऋमें HTTPS है या नहीं, यह जांच लें ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि आप ऑनलाइन ब्राउज करते समय एक सुरक्षित कनेक्शन का उपयोग कर रहे हैं।

## मोटिवेशनल स्पीकर

सिस्टर बी के शिवानी

# सकारात्मक शब्दों से बढ़ाएं आत्मविश्वास, इसी से बच्चों की सही परवरिश

हर बच्चा अलग होता है, किसी में कोई गुण होता है तो वहीं किसी में कोई अवगुण होता है। कोई बच्चा निडर होता है, तो वहीं किसी बच्चे को बहुत ज्यादा डर लगता है। आध्यात्मिक गुरु बीके शिवानी ने अपने एक प्रवचन में कहा है कि बच्चे का डरपोक होना, उसके किसी पूर्व जन्म का कारण हो सकता है। लेकिन ऐसे बच्चे के माता-पिता उससे कहते हैं कि तेरे जैसा बहादुर कोई नहीं है। मां-बाप बच्चे से कहते हैं कि वो सब कुछ ऐसा कर सकता है। जब मां-बाप बच्चे को ऐसे शब्द बोलते रहते हैं, तो बच्चा एक दिन ये कर दिखाता है। ऐसा करने से बच्चे के अंदर से डर खत्म हो जाता है और वो दुनिया को महान बनाने का काम करना शुरू कर देता है। मां-बाप की दुआओं में बहुत ताकत होती है और जब वो बार-बार अपने बच्चे को सकारात्मक शब्द बोलते हैं, तो एक दिन वो पूरा जरूर होता है। यही वजह है कि एक्सपर्ट्स तक पेरेंट्स को अपने बच्चों से पॉजिटिव शब्दों में बात करने की सलाह देते हैं। मोटिवेशन स्पीकर ने कहा कि पेरेंट्स जब बच्चे से कहते हैं कि तू रहने दे तुझसे ये काम नहीं हो पाएगा, तुम्हारे करने से और बिगड़ जाएगा। ऐसा बच्चा अगर साहसी भी है तो वो डरपोक बन जाएगा। दरअसल मां बाप की सोच बच्चे की परवरिश पर हावी पड़ जाती है। ऐसे में बार बार एक ही बात बोलने पर बच्चा ना चाहकर भी वैसा बन जाता है। इसलिए मां बाप को बच्चे के प्रति सकारात्मक रहना चाहिए। उसे बताएं कि वो बहुत कुछ कर सकता है, इससे बच्चा उत्साहित होगा और आगे जाकर वो महान काम भी कर सकता है। बच्चा इतना भी डरपोक नहीं होता है जितना हम अपने शब्दों से उसे बना देते हैं। तो सारी पॉवर आपकी सोच और शब्दों में है। आपको अपने बच्चे को हमेशा दुआ देनी है और उससे सकारात्मक शब्द कहने हैं।



**पेरेंट्स को बच्चों के साथ हमेशा सकारात्मक शब्दों का ही प्रयोग करना चाहिए। इससे बच्चे का आत्मविश्वास बढ़ता है और वह एक मजबूत इंसान बनता है।**

**'स्मार्ट' शब्द होता है कारगर:** बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए स्मार्ट शब्द बहुत कारगर होता है। जब पेरेंट्स अपने बच्चे के अंदर बौद्धिक या प्रॉब्लम को सुलझाने की क्षमता को पहचानते हैं, तो इससे बच्चे के अंदर सीखने का विश्वास बढ़ता है। इस तरह बच्चा खुद पर भरोसा करना सीखेगा और उसे समझ आएगा वो कुछ भी कर सकता है। बच्चे के अंदर साहस को पहचानना भी बहुत जरूरी होता है। जब बच्चे अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर कुछ करते हैं, तो उन्हें साहस देना बहुत आवश्यक होता है। बच्चे से कहें कि वो नई चीजों को ट्राई करने के लिए साहसी है। ऐसा कह कर आप उसके अंदर चुनौतियों और जोखिमों का सामना करने की मानसिकता का विकास कर रहे हैं।

## सितारों की बात

सप्ताह का राशिफल दिनांक 18 जनवरी से 24 जनवरी तक



पंडित विष्णु राजौरिया

**मेष:** राशि के जातक आगामी सप्ताह में दी स्वभाव का अनुभव करेंगे प्रारंभिक सत्ता में उनके अनेक ऐसे कार्य संपन्न हो सकते हैं जो बहू प्रतिशत है साथ ही धन लाभ व्यापार व्यवसाय लंबित धन का अगम का कार्य सफल हो जाएगा, साथी घर परिवार में हर्ष और उल्लास का वातावरण होगा। सप्ताह के अंत में दो दिनों में आर्थिक स्थिति में कुछ बदलाव होने के संकेत मिल रहे हैं।

**वृषभ:** राशि के जातक आगामी सप्ताह में अत्यंत व्यस्त रह सकते हैं आगामी योजनाओं में आपका मन राम सकता है साथी लाभ के कार्यों की योजना फलीभूत होने के संकेत मिल रहे हैं राजकाज और अधिकारी वर्ग से उच्च स्तर पर संबंधों का लाभ मिलने के संकेत हैं आप अपने कार्यों को समय वध ढंग से करने का प्रयत्न करते हैं तो सफलता सुनिश्चित होगी।

**मिथुन:** राशि के जातकों को यह सप्ताह अनुकूल होने के संकेत मिल रहे हैं अचानक उपलब्धि सम्मान प्रतिष्ठा साथी धन प्राप्त होने से आपके घर परिवार में प्रसन्नता का वातावरण रहेगा निकट जन से आपके घर में कुछ विशेष कार्य किया जा सकता है जिस घर परिवार की वातावरण में सुधार होगा। व्यापार व्यवसाय के कार्यों में नए उपक्रम का शुभारंभ हो सकता है।

**कर्क:** राशि के जातक अपनी राशि पर से संचार कर रहे ग्रहण के कारण गुरु चंद्र का योग आपको अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगा सप्ताह के प्रारंभ में कोई शुभ कार्य संपन्न हो सकता है सम्मान पद प्रतिष्ठा संतान से संबंधित कार्यों की सफलता विशेष रूप से प्राप्त होने के संकेत है राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा आई के साधनों में वृद्धि होगी।सप्ताह के अंत में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता रहेगी।

**सिंह:** राशि के जातक आगामी दिनों में आर्थिक कर्म के कारण मानसिक परेशानी का अनुभव कर सकते हैं इस संबंध में आए और व्यय में संतुलन बनाने की आवश्यकता है कुछ स्थानों पर आपको अधिक समय देना पड़ सकता है लेकिन सप्ताह के अंत में शुभ यात्रा एवं मांगलिक कार्यों के कारण आपके मन में प्रसन्नता का भाव रहेगा।

**कन्या:** राशि के जातकों को यह सप्ताह अत्यंत अनुकूल होने के संकेत मिल रहे हैं। लाभ स्थान का गुरु आपके कार्यक्षेत्र में विस्तार और नई योजनाओं पर कार्य करने का अवसर प्रदान करेगा साथी आपकी आशा के विपरीत अनेक ऐसे घटनाक्रम होंगे जो आपके जीवन में अमूल जल परिवर्तन ला सकते हैं। गुरुवार और शुक्रवार को आकस्मिक व्यय की व्यवस्था आसानी से हो जाने के संकेत हैं व्यवस्थित दिनचर्या रखना परम आवश्यक है।

**तुला:** राशि के जातक इस सप्ताह में उत्तम उत्तम स्थिति में रहेंगे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के कारण आपका मान सम्मान बढ़ेगा। नवीन संबंधों के कारण नए लाभ के संकेत मिल रहे हैं व्यापार व्यवसाय उत्तम रहेगा लाभ के कार्यों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** राशि के जातक आगामी सप्ताह में उत्तम स्थिति में रहने के संकेत हैं।आपके अनुभव का लाभ आपको अपने अपने कार्यों में सफलता दिला सकता है। अपनी कार्य क्षमता बढ़ने से आपको अनेक अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आध्यात्मिक अनुभव साथी आपका अंतर ज्ञान अन्य लोगों के कार्य संपन्न कर सकता है अत: अपनी अध्ययनशीलता निरंतर रखें।

**धनु:** राशि के जातक गुरु की स्थिति के कारण इस सप्ताह लाभ की स्थिति में रहेंगे आपके कार्यों में विगत दिनों से आ रही अड़चनें दूर होने के संकेत हैं।व्यापार व्यवसाय एवं कृषि क्षेत्र के जातकों को साथी वित्तीय कार्यों में संलग्न जातकों को यात्राएं करनी पड़ सकती हैं। और नए-नए प्रयोग नए लोगों से संबंध स्थापित होंगे। नवीन संबंधों में कोई महत्वपूर्ण व्यक्ति से संपर्क होने के संकेत मिल रहे हैं।

**मकर:** राशि के जातक आगामी सप्ताह में अत्यंत सावधानी रखें विशेष रूप से आर्थिक लेनदेन के प्रति सजग रहे ,आपका रुका हुआ पैसा प्राप्त करने में कुछ कठिनाई का अनुभव कर सकते हैं। रुके हुए कार्यों के प्रति सावधानी से विशिष्ट जनों से सलाह लेकर आगे बढ़े, अचानक जल्दबाजी से कोई भी कार्य न करें अन्यथा आप परेशानी में पढ़ सकते हैं।

**कुंभ:** राशि के जातक इस समय अत्यंत व्यस्त तथा का अनुभव कर रहे हैं, निरंतर अनेक स्थानों पर यात्रा अपने कार्य क्षेत्र में संपर्क करने से आपकी व्यापार व्यवसाय में वृद्धि होगी मान सम्मान और प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ती रहेगी। परिजनों की जिम्मेदारी के कार्य संपन्न होने से आपके मन में प्रसन्नता का अनुभव होगा, साथी घर परिवार में मांगलिक वातावरण बना रहेगा। व्यवहार निरंतर बना रहेगा अत: आर्थिक विषय को गंभीरता के साथ हल करें।

**मीन:** राशि के जातक राशि स्वामी बृहस्पति के अपनी राशि में संचार होने के कारण बौद्धिक कार्यों में विशेष सफलता प्राप्त करेंगे, लेकिन बकरी गति होने से आपके शरीर के निचले अंगों में कुछ चोट चपेट का वह बना रहेगा ,सावधानी से कार्यों को संपादित करने की आवश्यकता है।धन लाभ की स्थिति पहले की अपेक्षा सुधरेगा, जिससे आपके कार्य समय पर हो सकेंगे ,प्रत्येक शनिवार छाया पात्र का दान करना ना भूले छाया पात्र के दान का समय दोपहर 12 से 2:00 के बीच होना चाहिए।

## दिया कबीरा रोय

# निकाला जाना एक लेखक का एक महफ़िल से...



सुधीर नायक

व्यंग्यकार-ट्रेड यूनियन लीडर

**साधो,** पता चला है कि एक कुलपति ने एक लेखक को भगा दिया। लोग कुलपति को बुरा भला कह रहे हैं। लोग नादान हैं। अरे कुलपति भगाता नहीं तो क्या सर चढ़ाता? लेखक को नहीं भगायेगा तो और किसको भगायेगा? लेखक होते ही भगाने के लिए हैं। जो जगायेगा इंसान उसी को तो भगायेगा। लोग सो रहे हैं और तुम कानों पर ढ़ोल बजाते हो। लोग भगायेंगे नहीं तो क्या तुम्हारी आरती उतारेंगे? कह रहे हैं कि लेखक का मान नहीं रखा? साधो,यदि वह लेखक है तो माननीय हो ही नहीं सकता। जो मान जाता है, माननीय वही होता है।लेखक मानता नहीं है वह जानता है। लोग कह रहे हैं कि बुलाया था तो फिर क्यों भगाया? इसमें कुलपति की क्या ग़लती? ग़लती स्टाफ की है। वे बाजार से ग़लत माल उठा लाये। बाज़ार में जाओ तो अचार के आम अलग मिलते हैं और चटनी के आम अलग मिलते हैं। अचार के आम चटनी के काम नहीं आते और चटनी के आम अचार में नाकाम रहते हैं। दुनिया जानती है कि दिखने वाले लेखक अलग होते हैं और लिखने वाले लेखक अलग होते हैं। लिखने वाले केवल लिखते हैं और दिखने वाले गोष्ठियों में दिखते हैं। गलती यदि है भी तो उन अनाड़ियों की है जिन्होंने लिखने वाले को दिखने वाली जगह बुलाया।वे चूक गये। दिखने वाले की जगह वे सच्ची का



लिखने वाला पकड़ लाये। जरूरत मुखौटे की थी वे मुख ले आये। मुखौटों में यह अच्छाई होती है कि वे बोलते नहीं हैं। मुखों की आदत खराब है।मुख बोल पड़ते हैं। आप ही बताइए बोलना कोई अच्छी बात है? कितना भद्दा मालूम पड़ता है,बोलना। बुलवाना ही होता तो फिर हम लिफाफा क्यों रखते? सबकुछ साफ़ था। सर पर साफ़ा,जेब में लिफाफा,जाओ अब, टाटा। वैसे भी क्या बोलोगे तुम? बोलने लायक हो तुम? बोलना ही हुआ तो हम बोलेंगे। तुम तो सुनो और लिफाफे में रखे नोट गिनो। अब चक्कर यह हुआ कि वह आदमी लिखना जानता था दिखना नहीं जानता था। उसे मालूम नहीं था कि सामने जो आदमी है वह कुल मिलाकर पति है अर्थात् कुलपति है। जैसा भी हो आखिर वह एक कुलपति है। कुलपति के सामने ढ़ोर होना चलेगा,पर बोर होना नहीं चलेगा। वह नासमझ था वह ढ़ोर नहीं हुआ। हुआ तो बोर हुआ। उसने सोचा होगा पद बड़ा है तो उस पर बैठा इंसान भी बड़ा होगा।उसे पता नहीं था कि छोटा आदमी बड़ी जगह पर जल्दी पहुंचता है।पैदल वाला कहीं से भी खुलक भगता है वाहन वाला लाल लाइट देखता रह जाता है। उसे किसी ने समझाया नहीं कि छोटा आदमी जब बड़े पद पर हो तो बहुत ऐहतियात की दरकार होती है। उसकी रग रग से पद टपकता है। वह पद से सराबोर होता है। वह अपने माथे का छोटापन पद के अंगोछे से बार बार पोंछता है। पद आदमकद को नहीं झेल पाता। पद जब बोले तो गदगद हुआ जाता है, खदबद नहीं हुआ जाता।जो मीरा के पद पढ़ता रहा वह कुलपति का पद क्या जाने। बेअदबी कर बैठा। जहां ताली बजानी थी वहां बैंड बजा दी। महफ़िल में जाओ तो महफ़िल का सलीका और शऊर भी आना चाहिए। मैं तो कहूंगा वो भले कुलपति था फिर भी भला आदमी था।वो चाहता तो फिंकवा सकता था पर उसने फिंकवाया नहीं। इतना तो मान रखा। बस, निकल जाने को कहा। खुद निकल जाने की आजादी दी।उसने निकल जाने का आदेश दिया निगल जाने का आदेश नहीं दिया।वे वंदनीय हैं, निंदनीय कतई नहीं और भी तो लोग थे।वे क्यों नहीं निकाले गये?वे ट्रेंड लोग हैं।वे जानते थे कहां दिखना है और कहां लिखना है।वे शाल और माल की कीमत जानते थे।तुम नहीं जानते थे तो भुगतो।

## यूज़र्स गाइड

# UPI पेमेंट्स के लिए सरकारी ऐप BHIM के इस्तेमाल से मिलेगा ऑनलाइन खर्च का पूरा हिसाब

**क्या** आपके साथ भी ऐसा होता है कि UPI पेमेंट्स करने के चक्कर में आप फिजूल खर्ची कर बैठते हैं? दरअसल डिजिटल पेमेंट्स के चलन की वजह से कई लोगों को यह समस्या आने लगी है कि वह अपने खर्च का कोई रिकॉर्ड नहीं रख पाते। जिस समय सभी पेमेंट्स कैश में हुआ करती थीं, तब पैसों का आना-जाना दिखता था और फिजूल खर्च पर लगाम लगाना आसान था। डिजिटल पेमेंट्स आने के बाद से लोगों को एहसास ही नहीं होता कि वह किस तरह थोड़ा-थोड़ा करके बैंक में पड़ा सारा पैसा उड़ा बैठते हैं। हालांकि अगर आप UPI पेमेंट्स के लिए सरकारी ऐप BHIM का इस्तेमाल करें, तो खर्च का पूरा हिसाब-किताब एक क्लिक में पा सकते हैं।




अगर आप भी डिजिटल पेमेंट्स की वजह से बढ़ते बेफिजूल खर्च से परेशान हैं, तो आपको BHIM UPI ऐप का इस्तेमाल करना चाहिए। दरअसल इस ऐप में एक बेहद का फीचर मिलता है, जिसकी मदद से आप अपने खर्च का पूरा हिसाब-किताब एक क्लिक में पा सकते हैं। हम बात कर रहे हैं Spend Analytics फीचर की। इसकी मदद से आप डिजिटल पेमेंट्स का हिसाब-किताब जेब में रखे कैश की तरह ही रख सकते हैं।

BHIM UPI ऐप में आपको Spend Analytics फीचर होम पेज पर ही मिल जाता है। इस पर क्लिक करके आप हर महीने के खर्च का पूरा लेखा-जोखा देख सकते हैं। इसके अलावा यह फीचर इतना स्मार्ट है कि आपके खर्च को कैटेगरी में बांट कर भी पेश करता है, ताकि आप समझ सकें कि किन चीजों पर आप ज्यादा खर्च करते हैं। उदाहरण के लिए अगर आप कपड़ों पर ज्यादा खर्च करते हैं, तो यह फीचर आपको दिखाएगा कि आपके कपड़ों पर ज्यादा और बाकी चीजों पर कम खर्च किया। इसकी मदद से आप आगे के लिए अपने खर्चे कम और सुधार सकते हैं।

## वायरल कंटेंट

# छोटे कद की लड़की, तीन फीट लम्बा है बॉयफ्रेंड, लोगों ने उड़ाया मजाक,पर खुश है जोड़ा

**सच्चे** प्यार में जाति, धर्म, समुदाय, अमीर, गरीब, उम्र या कद नहीं देखा जाता। प्यार तो बस हो जाता है। पर बहुत बार दूसरों को दो लोगों का प्यार हजम नहीं होता, वो उसमें अड़चन डालने या फिर उस प्यार की बेइज्जती करने चले ही आते हैं। ऐसा ही इंग्लैंड की एक लड़की के साथ भी हो रहा है। दरअसल, इस लड़की की हाइट काफी कम है, मगर उसका बॉयफ्रेंड उससे 2 फीट ऊंचा है। यही नहीं, दोनों की उम्र में भी 10 साल का फर्क है। इन सब कारणों की वजह से लोग उस लड़की का खूब मजाक उड़ाते हैं।



डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार डेवॉन की रहने वाली कैटलिन हेलिर 24 साल की हैं और उनकी हाइट 3 फीट 8 इंच है। उनके बॉयफ्रेंड उनसे 10 साल बड़े हैं और 2 फीट लंबे हैं। जब दोनों साथ चलते हैं तो उनकी जोड़ी लोगों को बहुत अटपटी लगती है। कई लोग तो उनका मजाक बनाने लगते हैं। पर कैटलिन अपने प्रेमी से बहुत प्यार करती हैं।

लोगों का कहना है कि उनका बॉयफ्रेंड इस वजह से उनके साथ है क्योंकि उसे वो बच्ची जैसी लगती है। इस वजह से लोगों को लगता है कि उनके बॉयफ्रेंड बुरे इंसान हैं जिन्हें बच्चियां पसंद आती हैं। लोग उन्हें उनसे दूर रहने की भी सलाह देते हैं। कैटलिन का कहना है कि कई बार उन्हें लोगों की बातों से बहुत फर्क पड़ता है। वो देर रात तक जागी रहती हैं और उन कमेंट्स के बारे में सोचती हैं, जो उन्हें कंटेंट पर मिलते हैं। लोग उन्हें उनके जैसे पुरुषों को डेट करने की सलाह देते हैं, यानी बौने पुरुषों को, मगर कैटलिन का कहना है कि अगर उनका कद कम है, तो इसका ये अर्थ नहीं है कि वो लंबे लोगों को डेट नहीं कर सकतीं।

उनका कहना है कि जिन लोगों को बौनापन होता है, वो लोग भी इंसान होते हैं, उन्हें भी जिंदगी जीने का हक होता है। वो कहती हैं कि बौने लोग भी अन्य इंसानों की तरह ही रहते हैं, उन्हीं की तरह जिंदगी बिताते हैं, हालांकि, उन्हें जिंदगी में कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ता है।

## न्यूज विंडो

### खड़ी ट्रॉली से टकराई स्कूटी तीन छात्रों की मौके पर मौत

**नर्मदापुरम।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में करणपुर के पास बीती रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन कक्षा-9 के छात्रों की मौत हो गई। धान से भरी खड़ी ट्रॉली से उनकी ओला स्कूली की जबरदस्त टक्कर हो गई, जिसमें तीनों मौके पर ही दम तोड़ चुके थे। घटनास्थल पर खून से सना भयावह मंजर देखकर लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। हादसे का शिकार हुए छात्र ग्राम आमदेही के निवासी थे और रघुवंशी समाज से ताल्लुक रखते थे। इनमें अश्विन पिता ललित रघुवंशी, शिव पिता रामेश्वर रघुवंशी और मनुराज पिता प्रवीण रघुवंशी शामिल हैं, जिनमें अश्विन और शिव चचेरे भाई थे। तीनों सेंट पेट्रिक स्कूल, सोहागपुर में कक्षा-9 के छात्र थे। रोजाना ग्राम आमदेही से 5 किमी दूर सोहागपुर पढ़ने आते-जाते थे। शनिवार रात करीब 8-30 बजे कोचिंग से लौटते समय चौधरी पेट्रोल पंप के पास यह हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही रघुवंशी समाज में आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में लोग सरकारी अस्पताल पहुंचे। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए मर्चुअरी में रखा गया।तहसीलदार नीरू जैन, सोहागपुर थाना प्रभारी ऊषा मरावी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी समेत पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली। जांच जारी है। आज तीनो मृतको का पोस्टमॉर्टम कराकर पुलिस ने शव परिजनों के सुपुर्द किए हैं।

### स्कूल के फैंसी ड्रेस में विद्यार्थी स्वयं सेवक ने दिया पंच परिवर्तन का संदेश




**महेश्वर।** नगर की स्कूलों में कुछ वर्ष पूर्व भालू, लोमड़ी , पुलिस और जन नेता जैसे स्वांग धारण करते हुए विद्यार्थी विभिन्न चरित्रों के तहत अपना करियर स्थापित करने का संदेश देने के साथ आम जनों का मनोरंजन भी करते थे लेकिन इन दोनों समाज में भारत की प्राचीन संस्कृति के प्रति लगाव देखने को मिल रहा है।स्कूल के तीन वर्षीय विद्यार्थी अवध विक्रम पटेल ने पंच परिवर्तन का सामाजिक संदेश देकर देश के प्रति अपने आस्था प्रकट की है। विदित हो कि संघ शताब्दी वर्ष के चलते संघ स्वयंसेवक पंच परिवर्तन के सामाजिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं लेकिन निजी स्कूल में पढ़ने वाले विद्यार्थी अवध विक्रम पटेल ने नगर में पहली बार स्वयं सेवक की गणवेश पहनकर स्कूल के मंच से संघ शताब्दी वर्ष और पंच परिवर्तन का सामाजिक संदेश देकर सामाजिक दृष्टिकोण में परिवर्तन का प्रयास किया है। इस प्रस्तुति ने सनातन संस्कृति और हिंदुत्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अवध पटेल को आशीर्वाद दिया वही उनके पिता विक्रम पटेल को साधुवाद दिए जाने के साथ सराहना की।

### मां नर्मदा जन्मोत्सव को लेकर मुख्य नपा अधिकारी ने दिए दिशा-निर्देश



**नर्मदापुरम।** नगरपालिका द्वारा मां नर्मदा जन्मोत्सव और गौरव दिवस मनाने की तैयारियां की जा रही है। आज मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा तैयारियों का जायजा लिया गया। साथ ही घाट पर अतिक्रमण हटाने, साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जेटिस का भी निरीक्षण किया और उपयंत्री आयुष रिछारिया से तैयारी और बनाए जा रहे जलमंच से संबंधी जानकारी ली। इसके अलावा घाटों पर चल रही रंगाई पुताई का भी अवलोकन किया और तेजगति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने नपा के अधिकारियों और कर्मचारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री आयुषी रिछारिया, अतिक्रमण दल सहप्रभारी सुनील राजपूत और नपा का अमला उपस्थित रहा।

### धनपुरी नगर परिषद बनेगी प्रदेश की पहली डीकार्बोनाइजेशन सिटी




**धनपुरी/शहडोल।** अखिल भारतीय स्थानीय स्वशासन संस्थान केंद्र दिल्ली में डिकार्बनाइजेशन भारतीय शहर संवाद एवं विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला में नगर विकेंद्रीकरण पहल के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर शहडोल जिले के मुख्य नगरपालिका अधिकारी धनपुरी सुश्री पूजा बुनकर को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के भारतीय देश प्रमुख एवं सलाहकार हितेश वैद्य ने धनपुरी नगर परिषद के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धनपुरी जैसी छोटा शहर स्थानीय निकाय भी देश और विश्व के लिए प्रेरणा बन रहा हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी पूजा बुनकर ने बताया कि नगर परिषद धनपुरी ने शून्य कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने का संकल्प लिया है। प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान का उपयोग धनपुरी के विकास में किया जाएगा एवं नगरपरिषद धनपुरी को प्रदेश की पहली डीकार्बोनाइजेशन सिटी बनाई जाएगी।

### सियासी बवाल: सांसद ने की राहुल-सोनिया से निष्कासन की मांग



**नर्मदापुरम/दतिया।** कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के भांडेर सीट से दलित महिलाओं पर दिए विवादित बयान पर प्रदेश में सियासी घमासान तेज हो गया है। प्रदेश भर में उनके खिलाफ पुतले जलाए जा रहे हैं और प्रदर्शन हो रहे हैं। अब भाजपा की राज्यसभा सांसद व पूर्व महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष माया नारोलिया ने पलटवार किया है। नारोलिया ने बरैया के बयान को नारी शक्ति का अपमान करार देते हुए कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी से विधायक को तत्काल पार्टी से निष्कासित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां देवता निवास करते हैं। यह हमारे संस्कार हैं। लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक अमर्यादित, अव्यावहारिक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो अशोभनीय है। राज्य सभा सांसद नारोलिया ने प्रियंका गांधी के लड़की हूं, लड़ सकती हूं, नारे का हवाला देते हुए कहा, अपने विधायकों को यह नसीहत दीजिए कि महिलाओं का अपमान न करें। फूलसिंह बरैया के शब्द इतने घिनौने हैं कि मीडिया के सामने बोलने में शर्म आ रही है। पूरे संसार में महिलाओं को सम्मानजनक दर्जा दिया गया है। सोनिया-प्रियंका से आग्रह किया कि महिला सम्मान के लिए ऐसे विधायकों को निष्कासित कर नसीहत दें। हम फूल सिंह बरैया के इस्तीफे और पार्टी से निष्कासन की मांग करते हैं।

# मौनी अमावस्या : नर्मदा घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

**नर्मदापुरम।। दोपहर मेट्रो**

माघ अमावस्या पर मां नर्मदा के सेठानी घाट समेत विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मौनी अमावस्या के पुण्य स्नान के लिए नर्मदापुरम के अलावा हरदा, इटारसी, बैतूल, भोपाल, विदिशा, बीना, छिंदवाड़ा से हजारों श्रद्धालु पहुंचे। आंवलीघाट, सांडिया, बाबरी घाट, खोकसर और बांद्राभान पर भी स्नान का सिलसिला जारी रहा।शास्त्रों में मौनी अमावस्या को पितृ पर्व माना जाता है। इस दिन पवित्र नदियों में डुबकी, दान-पुण्य से पितर तृप्त होते हैं और दोष नष्ट होते हैं। माघ माह को द्वापर युग का प्रारंभ माने जाने से यह पर्व विशेष महत्व रखता है। मौन व्रत धारण करने से आध्यात्मिक ऊर्जा प्राप्त होती है, जबकि तिल, तेल, कंबल, काले वस्त्र आदि दान से सफलता और समृद्धि मिलती है। प्रशासन ने हजारों श्रद्धालुओं के दर्शन को देखते हुए राजस्व, पुलिस और होमगार्ड जवानों को तैनात किया। सुबह 5 बजे से सेठानी, कोरी, पर्यटन, परमहंस, विवेकानंद, गोंदरी और बांद्राभान घाटों पर निगरानी कि जा रही है वही बोट गश्त से गहरे पानी में उतरने वालों को रोका जा रहा है। जिले भर के सभी घाटों पर व्यापक इंतजाम सुनिश्चित किए गए।



### मुनि निरंजन सागर के सानिध्य में सकल दिगंबर जैन समाज का विमानोत्सव शुरू

# चार विमानों पर निकले भगवान श्रीजी के जयकारों से गूंजा शहर

**सिरोंज। दोपहर मेट्रो**

सकल दिगंबर जैन समाज के विमानोत्सव की धूम शहर में दिखाई दी। समाज द्वारा विगत एक सप्ताह से विमानोत्सव की तैयारियां की जा रही थी। सुबह सभी जिनालयों में नित्यपूजा और अभिषेक के उपरांत जैन समाज के श्रद्धालु दोपहर में कठाली बाजार स्थित श्री चंद्रप्रभु जिनालय में एकत्रित होने लगे। यहीं पर लकड़ी के विमान में चांदी की पालकी को स्थापित किया गया। इस बार मुनि निरंजन सागर महाराज का सानिधय समाज को मिला तो उत्साहित समाज ने 3 और विमानों की व्यवस्था की। एक विमान लटेरी से तो दूसरा मुरारिया से बुलवाया गया। इसके बाद भगवान चार विमानो में वीराजित होकर निकले। दो को श्रद्धालुओ ने अपने कंधे स्थापित किया था तो एक विमान चार पहिया वाहन में स्थापित था। श्रीजी की शोभायात्रा अगवानी अशोक नगर के शाडोरा से आए बेंड-बाजों की धुन पर नाच रहे समाज के युवा कर रहे थे। इसके उपरांत बच्चों, किशोरियों और युवतियों की टोली की चल रही थी। इन्होंने भी सिर पर विभिन्न रंगों की पगड़ी पहन रखी थी। झंडा हाथ में थाम कर चल रहे बच्चों ने एक जैसी वेशभूषा पहन रखी तथा समाज के अलग-अलग महिला संगठन की महिलाओं ने गुलाबी रंग की साड़ियां पहन रखी थी और वे गरबा खेलते हुए चल रहीं थीं। वहीं श्री दिगंबर जैन नवयुवक मंडल के सदस्यों द्वारा बेंड वादन किया जा रहा था। इस समूह में युवाओं के साथ ही बड़ी संख्या में मंडल के वरिष्ठ सदस्य भी बेंडवादन करते दिखाई दिए।



#### बड़ी संख्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

वार्षिक विमानोत्सव के इस आयोजन में सहभागिता के लिए बड़ी संख्या में आसपास के शहरों के श्रद्धालु भी सिरोंज आए थे। यह विमान यात्रा कठाली बाजार स्थित जिनालय से शुरू होकर कस्टम पथ, बामौरा रोड, छतरी नाका चौराहा, लिंक रोड, हाजीपुर जिनालय, नपा परिसर, पुराना बस स्टैंड, पुराना कोर्ट एरिया, सिनेमा चौराहा, चांदनी चौक, पचखनी जिनालय से होता हुआ घेतल गली स्थित भगवान पार्श्वनाथ मंदिर पर पहुंची। जगह-जगह पर भक्तों ने विमान में विराजित श्रीजी की प्रतिमा की आरती की। इस दौरान श्रद्धालुओ ने करीब 4 किमी का मार्ग पैदल तय किया।

#### महामस्ताभिषेक आज

विमानोत्सव समारोह के दूसरे दिन रविवार को अतिशय तीर्थ क्षेत्र नसिया जी पर भी दिनभर कार्यक्रमों का सिलसिला चलेगा। तीर्थ क्षेत्र में सुबह अभिषेक और पूजन के उपरांत दोपहर में सकल दिगंबर जैन समाज का वार्षिक अधिवेशन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इसके उपरांत शाम को तीर्थ क्षेत्र में स्थित भगवान बाहुबली की विशाल प्रतिमा का महामस्ताभिषेक कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

### भाजपा विधायक ठाकुर को ब्लैकमेल कर दो करोड़ रुपए मांगने वाले दंपत्ति गिरफ्तार

**धार। दोपहर मेट्रो**

जिले की धरमपुरी विधानसभा से भाजपा विधायक कालुसिंह ठाकुर को ब्लैकमेल कर दो करोड रुपए मांगने वाले फरार दंपति को धार पुलिस ने 862 किलो मीटर दूर लखनऊ से राउंडअप किया है। पुलिस की दो टीमें लगातार आरोपियों की तलाश को लेकर आसपास के जिलों में दबिश दे रही थी। इसी बीच सूचना मिली की आरोपी लखनऊ में हैं, जहां से आरोपी यूपी बार्डर की और आगे बढ रहे है। ऐसे में पुलिस सक्रिय हुई व दोनों आरोपियों को राउंडअप कर कल देर रात थाने पर लेकर आई तथा आरोपियों को थाने पर गिरफतार किया है। अब प्रकरण के बारे में आगे की पूछताछ पुलिस कर रही हैं, थाने की कार्यवाही पूरी होने पर आरोपी दीपिका ठाकुर व कासिम खान को आज कोर्ट के समक्ष पेश किया जाएगा।

**यह था मामला:** दरअसल विधायक कालुसिंह ठाकुर को ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया था। विधायक ठाकुर को रेप के झूठे केस में फंसाने की धमकी मिली हैं, जिसके एवज में दो करोड़ रुपए मांगे गए है। विधायक ने इस बात की शिकायत कलेक्टर से लेकर एसपी को की हैं, किंतु कोई कार्यवाही नहीं होने पर नाराज व परेशान विधायक ठाकुर ने 14 जनवरी को धार में एक पत्र परिषद आयोजित कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी साझा की थी। जिसमें पुलिस पर कार्यवाही नहीं करने के आरोप भी लगे थे, हालांकि इसके बाद स्थानीय पुलिस प्रशासन हरकत में आया था। पुलिस ने पहली एफआईआर बबिता पति महेश पाटीदार की और से दर्ज की थी। महिला पाटीदार ने बताया कि आरोपी महिला मदद मांगने के लिए ग्राम सिरसोदिया स्थित होटल पर आई थी। इसके बाद अलग-अलग नंबरों से कॉल करके विधायक से रुपए मांगे जा रहे है। महज कुछ घंटे बाद आरोपी महिला के परिजन भी थाने पर पहुंचे थे। दूसरी एफआईआर में आरोपी की बहन ने पुलिस को बताया कि कासिम खान से शादी करने के बाद दीपिका ने घर आकर हंगामा किया व रुपयों की मांग की थी, परिजन ने एक लाख उधार लेकर आरोपी को दिए थे। इसके बाद भी आरोपी ने मारपीट की थी।

### युवाओं को आध्यात्म से जोड़ने किया पाठ

**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

हिंदू चेतना सेवा समिति द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान एवं युवाओं को धर्म और आध्यात्म से जोड़ने के उद्देश्य से निरंतर आयोजित किए जा रहे हनुमान चालीसा पाठ के अंतर्गत 112वां चरण शनिवार को चूड़ी मोहल्ला स्थित श्री हनुमान मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में अत्यंत उत्साह, श्रद्धा एवं धर्ममय वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। पाठ के दौरान बड़ी संख्या में हिंदू वीरों, मोहल्ले के युवाओं तथा छोटे-छोटे बच्चों ने सहभागिता कर वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से संपूर्ण मंदिर परिसर जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से हिंदू वीर राकेश सिंह रघुवंशी, गजराज राय, मोहित तिवारी, नरेंद्र राय, रवि रघुवंशी, विशाल सेन, दीपक रघुवंशी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों ने समाज में नशा मुक्त, संस्कारित और धर्मनिष्ठ वातावरण बनाने का संकल्प लिया।



### औबेदुल्लागंज क्षेत्र को मिली विकास की सौगात

# 417 करोड़ से इको-फ्रेंडली फोरलेन का लोकार्पण



**औबेदुल्लागंज। दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के विकास के महायज्ञ के तहत औबेदुल्लागंज क्षेत्र को एक बड़ी ऐतिहासिक उपलब्धि समर्पित की है। रातापानी वाइल्ड लाइफ सेंचुरी से गुजरने वाले औबेदुल्लागंज-इटारसी सेक्शन में 417 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से निर्मित 4-लेन सड़क का लोकार्पण किया गया।

औबेदुल्लागंज के इस खंड को देश के सबसे आधुनिक और संवेदनशील राजमार्गों में से एक माना जा रहा है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता एनिमल अंडरपास का निर्माण है। रातापानी अभयारण्य के भीतर बाघों और अन्य वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विशेष स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। इसके अलावा, वाहनों के शोर को रोकने के लिए ध्वनि अवरोधक लगाए गए हैं, ताकि जंगल की शांति और पारिस्थितिकी तंत्र सुरक्षित रहे।

**मेट्रो एंकर**

### श्री खाटू श्याम मंदिर का भव्य 7वां वार्षिक महोत्सव शुरू

# निशान यात्रा में उमड़े श्याम श्रद्धालु



**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

जय श्री श्याम के जयकारों के साथ शनिवार को श्री खाटू श्याम मंदिर से राज राजेश्वर मंडीदीप नरेश के 7वें वार्षिक महोत्सव का शुभारंभ हो गया। यह दो दिवसीय पावन आयोजन 17 और 18 जनवरी 2026 को आयोजित किया जा रहा है, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है।

महोत्सव की शुरुआत शनिवार सुबह भव्य निशान यात्रा से हुई। यह यात्रा सुबह 11 बजे खेड़ापति माता मंदिर (बीएसएनएल कार्यालय के पास) से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार से गुजरते हुए इंडस रियल्टी स्थित आयोजन स्थल पर समाप्त हुई। निशान यात्रा में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया और जयकारों के साथ बाबा श्याम की भक्ति में डूबे रहे। शाम को उत्सव का रंग और भी भक्तिमय हो गया, जब शाम 7 बजे से श्री श्याम मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भक्तों ने हाथों में मेहंदी सजाई और बाबा के भजन गाए। आयोजन समिति के सदस्य संजय अग्रवाल और ज्ञान चौहान ने बताया कि महोत्सव का दूसरा दिन (रविवार, 18 जनवरी) और भी विशेष होगा। इसमें बाबा श्याम का अभिषेक और दिव्य श्रृंगार कर 56 भोग अर्पित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शाम 7 बजे भजन संध्या का भव्य आयोजन होगा, जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक अम्ब्रीश कुमार (मुंबई), सचिन गुप्ता (अयोध्या) और राजू मेहरा (कलकत्ता) अपनी मधुर आवाज में बाबा श्याम के भजन प्रस्तुत करेंगे। आपको बता दें कि यह महोत्सव श्री खाटू श्याम मंदिर मंडीदीप द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जो स्थानीय स्तर पर बाबा श्याम की भक्ति का प्रमुख केंद्र है।

### हिंदू सम्मेलन के लिए मातृशक्ति घर-घर दे रहीं पीले चावल



**गंजबासौदा। दोपहर मेट्रो**

स्थानीय तारण तरण पाठशाला में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले विराट हिंदू सम्मेलन, संत समागम को लेकर शहर में व्यापक जनसंपर्क और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर की 11 बस्तियों में पुरुष कार्यकर्ताओं के अलावा सम्मेलन में मातृशक्ति की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति और आयोजन को सफल करने के लिए मातृशक्ति ने मोर्चा संभालते हुए बस्तियों में घर-घर संपर्क कर कर पीले चावल देकर कलश यात्रा में आमंत्रित करते हुए भंडारे में प्रसादी के लिए आग्रह कर रहे हैं। मातृशक्ति की समर्पणता से सम्मेलन में महिला शक्ति का उत्साह देखते बन रहा है। महिलाएं भी अपनी ओर से सम्मेलन के निमित स्वप्रेरणा से यथाशक्ति धन राशि भेंट कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि सकल हिंदू समाज द्वारा 20 जनवरी को नगर के तरण तारण पाठशाला में आयोजित हो रहे ऐतिहासिक विराट हिंदू सम्मेलन को सनातन धर्म की प्रमुख पीठ रामानंदाचार्य संप्रदाय के जगदगुरु एवं काशी पीठाधीश्वर डॉ राम कमलाचार्य वेदांती जी द्वारा धर्म सभा के रूप में संबोधित किया जाएगा।

## न्यूज विंडो

# आरटीओ ने कार्रवाई कर सात बसों पर लगाया जुर्माना



**धार।** परिवहन आयुक्त और कलेक्टर के निर्देशन में विभाग ने जिले में यात्री सुरक्षा को लेकर देर रात चलाए गए विशेष अभियान के तहत स्लीपर बसों की सघन चेकिंग की गई, जिसमें नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। परिवहन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान बसों को रोककर मुख्य रूप से अग्नि सुरक्षा के उपायों और आपातकालीन निकास द्वारों की जांच की। जांच का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि किसी भी अनहोनी की स्थिति में यात्रियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं या नहीं। कार्रवाई के दौरान टीम ने कुल 07 वाहनों पर चालानी कार्रवाई करते हुए मौके पर 17 हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला। इसके अलावा 3 स्लीपर बसों की गंभीर खामियों को देखते हुए उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। इन वाहन स्वामियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि बसों में पाई गई कमियों को 2 कार्य दिवस के भीतर सुधारें। सुधार कार्य के पश्चात वाहनों को कार्यालय में प्रस्तुत कर भौतिक सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। आरटीओ हर्देश यादव ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाले बस संचालकों के खिलाफ यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# टॉर्च की रोशनी चेहरे पर पड़ी तो नाबालिग को मारा चाकू, रेफर



**तेंदूखेड़ा।** ग्राम सांगा में रात करीब 7 बजे गांव में कुछ युवकों द्वारा एक नाबालिग को चाकू मारकर घायल कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घायल नाबालिग की पहचान देवीदास पिता लखन अहिरवार (17) निवासी सांगा थाना तेंदूखेड़ा के रूप में हुई है। उसे गंभीर हालत में प्राइवेट वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत के चलते जबलपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। इस घटना को लेकर घायल देवीदास अहिरवार ने बताया कि वह अपने पिता को लेने गांव के पास खुले पेट्रोल पंप जा रहा था। उसके पिता अजीतपुर से मजदूरी करके घर लौट रहे थे और अंधेरा होने के कारण उन्होंने देवीदास को टॉर्च लेकर पेट्रोल पंप पर बुलाया था रास्ते में नितेक अहिरवार खड़ा था देवीदास की टॉर्च की रोशनी नितेक के चेहरे पर पड़ने पर उसने गाली-गलौज शुरू कर दी देवीदास अपने पिता को लेने पेट्रोल पंप चला गया पेट्रोल पंप से लौटते समय नितेक अहिरवार अन्य लोगों के साथ आया और देवीदास की कमर में पीछे से चाकू मारकर भाग गया। तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी रविंद्र बागरी ने बताया कि घायल के बयान दर्ज कर मामला दर्ज किया जाएगा और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

## भोजशाला में अखंड पूजन के संकल्प के साथ सड़कों पर उमड़ा जनसैलाब

# केसरिया रंग में रंगा शहर, गूंजे जय श्रीराम के जयकारे बसंत पंचमी के आयोजन को लेकर निकाली आह्वान रैली

**धार। दोपहर मेट्रो**

बसंत पंचमी के पावन पर्व पर आगामी 21 जनवरी को भोजशाला में मां वाग्देवी के अखंड पूजन के संकल्प को लेकर सकल हिंदू समाज के बैनर तले पीजी कॉलेज परिसर से एक विशाल आह्वान रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 23 जनवरी को भोजशाला में होने वाले अखंड पूजन के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से रैली का आयोजन किया गया था।

रैली को संबोधित करते हुए महंत हरी हरानंद जी स्वामी जी ने कहा कि अंतिम विजय सत्य की होगी। भोजशाला में सरस्वती पूजन होगा। उन्होंने हिंदु समाज को संकल्प दिलाया कि हिंदू समाज को संकल्प दिलाया कि भोजशाला में मां वाग्देवी की प्रतिमा स्थापना तक लगातार धर्म जागरण और अनुष्ठान करना है। रैली की शुरुआत पीजी कॉलेज से हुई। यहां से हजारों की संख्या में युवाअपनी-अपनी टोलियों में भगवा ध्वज लेकर निकले। रैली त्रिमुर्ति चौराहा, भोज अस्पताल, मोहन टॉकीज, पिंजारवाड़ी, धानमंडी, भाजी बाजार, बस स्टैंड, नालछा दरवाजा, जवाहर मार्ग और हटवाड़ा होते हुए मोतीबाग चौक स्थित अखंड ज्योति मंदिर पहुंची जहां आरती के साथ इसका समापन हुआ। रैली की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी कतार कई सौ मीटर लंबी थी। शहर के पास के गांवों से ग्रामीण बड़ी संख्या में ट्रैक्टरों में सवार होकर पहुंचे, जिससे आयोजन और भी आकर्षक हो गया। रैली में दौरान जय श्री राम और मां वाग्देवी की जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा।



### मातृशक्ति की रही बड़ी भागीदारी

इस आह्वान रैली में केवल पुरुष ही नहीं, बल्कि बड़ी संख्या में महिलाएं और मातृशक्ति भी शामिल हुईं। केसरिया साफा बांधे और हाथों में भगवा पताका लिए महिलाएं रैली में संकल्प के नारे लगाती नजर आईं। युवाओं का जोश देखने लायक था, जो बाइक पर सवार होकर उत्साहपूर्वक रैली को गति दे रहे थे।

### 50 से अधिक मंचों से हुआ स्वागत

हिंदू समाज की इस एकता और संकल्प यात्रा का शहरवासियों ने पुष्प वर्षा से स्वागत किया। पूरे मार्ग में 50 से अधिक स्वागत मंच लगाए गए थे, जहां से विभिन्न समाजों और संगठनों द्वारा रैली पर पुष्प वर्षा की गई। रैली से पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल बना रहा।

## लाड़गली स्थित प्लॉट का सौदा होने के बाद भी नहीं रजिस्ट्री, कोर्ट में दिया झूठा शपथ पत्र

# कोर्ट में केस लंबित होने के बावजूद फर्जी दस्तावेजों से बेच दिया प्लॉट, इंदौर और रतलाम के दो लोगों पर केस दर्ज

**धार। दोपहर मेट्रो**

शहर के कोतवाली थाना अंतर्गत लाड़गली क्षेत्र के एक प्लाट को लेकर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। आरोपियों ने अनुबंध और कोर्ट में केस लंबित होने की जानकारी छुपाकर फर्जी दस्तावेजों के माध्यम से संपत्ति को अन्य व्यक्तियों को विक्रय कर दिया। पुलिस ने इस मामले में मुख्य अनुबंधकर्ता के विरुद्ध धोकाधड़ी की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता गोपाल शर्मा और दिनेश शर्मा निवासी रासमंडल ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया कि उन्होंने वर्ष 2011 में लाडगली स्थित एक खंडहर नुमा भूखंड 2567 वर्गफीट का सौदा तत्कालीन मालिक से 1200 रुपये प्रति वर्गफीट के भाव से किया था। इसके एवज में 1 लाख 11 हजार रुपये बयाने की राशि गवाहों के समक्ष दी गई थी और विधिवत नोटरीकृत अनुबंध पत्र निष्पादित कराया गया था। फरियादियों के




अनुसार जब आरोपियों ने रजिस्ट्री कराने में आनाकानी की, तो उन्होंने वर्ष 2021 में अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा और दीवानी न्यायालय में व्यवहार वाद दायर किया। आरोपी न्यायालय में उपस्थित भी हुए और उन्हें प्रकरण की पूरी जानकारी थी। इसके बावजूद, षड्यंत्र रचकर आरोपियों ने अगस्त 2023 में यह संपत्ति भरत पटेल और अश्विन धनिक को बेच दी। पुलिस जांच में सामने आया कि विक्रय पत्र के पैरा क्रमांक 5 और 6 में आरोपियों ने झूठा उल्लेख किया कि यह संपत्ति किसी भी वाद या स्थगन से मुक्त है और इसका पूर्व में कोई अनुबंध नहीं हुआ है। जबकि आरोपी पहले से ही न्यायालय में इस संपत्ति को लेकर चल रहे केस में पैरवी कर रहे थे। थाना कोतवाली के उप निरीक्षक द्वारा की गई जांच और उप निदेशक अभियोजन से प्राप्त विधिक राय के बाद, मुख्य अनुबंधकर्ता राधाकृष्ण पिता स्व. कमलाकांत जोशी निवासी इंदौर और मुरलीधर पिता स्व. कमलाकांत जोशी निवासी रतलाम के विरुद्ध आपराधिक षड्यंत्र के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है। दस्तावेजों की जांच के बाद पाया गया कि आरोपियों ने जानबूझकर तथ्यों को छुपाया और फर्जी तरीके से संपत्ति विक्रय की। कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। कोतवाली थाना प्रभारी दीपक सिंह चौहान ने बताया कि आवेदन के आधार पर शुरुआती जांच करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर आगामी विवचेना शुरु कर दी गई है, फर्जी दस्तावेज तैयार कर प्लॉट का सौदा करने की बात सामने आई है, पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जा रही है

# राज्य मंत्री लोधी ने किया भवन का लोकार्पण



**तेंदूखेड़ा।** ग्राम पंचायत सहजपुर के 27 मील में स्थित पवित्र एवं श्रद्धा के प्रमुख केंद्र सिद्ध क्षेत्र पंडा बाबा में 15 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का राज्य मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने लोकार्पण किया गया। यह सामुदायिक भवन क्षेत्र के ग्रामीणजनों के लिए सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों के आयोजन के लिए एक सशक्त केंद्र के रूप में उपयोगी सिद्ध होगा। राज्य मंत्री लोधी ने कहा कि इसके निर्माण से न केवल स्थानीय नागरिकों को विवाह, बैठकें, सामाजिक कार्यक्रम एवं अन्य सामूहिक आयोजनों के लिए एक सुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा, बल्कि दूर-दराज से दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं एवं भक्तजनों को विश्राम एवं ठहराव की समुचित सुविधा भी प्राप्त होगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह लोधी, सुरेश जैन, कमलेश शर्मा, डॉ परम सिंह लोधी, रघुनाथ पाल, नर्मदाप्रसाद दुबे, शुभम जैन, राजकुमार लोधी नरगुवा राहुल लोधी व अनेक लोग उपस्थित रहे।

# हनुमान जी का सहस्त्रार्चन व शनि देव का किया अभिषेक

**तेंदूखेड़ा। दोपहर मेट्रो**

जबलपुर मार्ग स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पंडा बाबा धाम में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में निरंतर जारी है। इसी क्रम में विशेष धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यज्ञाचार्य पंडित आनंद कृष्ण शास्त्री के सान्निध्य में श्री संकट मोचन हनुमान जी का लड्डुओं के द्वारा सहस्त्रार्चन विधिवत रूप से संपन्न कराया गया। सहस्त्रार्चन के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार एवं भजन-कीर्तन से संपूर्ण यज्ञ स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर हो गया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी से अपने परिवार की सुख-समृद्धि एवं क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। साथ ही भगवान शनि देव की विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर भगवान शनि देव को 100 किलो वजनी त्रिशूल अर्पित किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा। शनि देव का तेल से अभिषेक किया गया तथा तिल के द्वारा विधिवत अर्चन कर शनि दोष शांति की कामना की गई। यज्ञाचार्य द्वारा शनि देव की महिमा एवं उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को धर्ममय जीवन जीने का संदेश दिया गया। इस पुनीत आयोजन में यजमान के रूप में गुड्डू दुबे सपत्नीक उपस्थित रहे। साथ ही क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामवासी एवं आसपास के क्षेत्र से आए भक्तजन उपस्थित होकर धार्मिक अनुष्ठानों के साक्षी बने और पूर्ण लाभ प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा बताया गया कि महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम, पूजन-अर्चन एवं प्रवचन आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का सृजन हो रहा है। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह है



## मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर फूटा आक्रोश

# नपाध्यक्ष के घर महावीर नगर में महिलाओं ने किया तीखा प्रदर्शन, मुख्य गेट पर फेंकी चूड़ियां



**मंडीदीप। दोपहर मेट्रो**

नगर पालिका परिषद के वार्ड 1, महावीर नगर के निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर तीखा विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी सीधे नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेंद्र अग्रवाल के वार्ड 5 स्थित निवास (बंगला) पर पहुंचे और वहां जोरदार नारेबाजी की। रहवासियों का मुख्य आरोप है कि लंबे समय से कॉलोनी में सड़क, सीवरेज और पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। नपा और बिल्डर की मिलीभगत या लापरवाही के कारण ये सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं, जिससे लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शन के दौरान निवासियों ने नपा अध्यक्ष के पति राजेंद्र अग्रवाल पर नगर पालिका के कार्यों में अनुचित दखलअंदाजी का आरोप लगाया और महावीर नगर की अनदेखी करने के लिए उन्हें चूड़ियां भेंट की। यह प्रतीकात्मक कदम उनकी नाराजगी और असंतोष को जाहिर करने के लिए उठाया गया। बताया जा रहा है कि बीते कई दिनों से वार्ड पार्षद और नपा अध्यक्ष के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि तत्काल सड़कों का निर्माण, सीवर लाइन की व्यवस्था और नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। यह घटना मंडीदीप नगर पालिका में बुनियादी सुविधाओं की कमी और स्थानीय प्रशासन की जवाबदेही पर सवाल खड़े कर रही है।

**मेट्रो एंकर** — विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता

# क्वार्टर फाइनल में बड़ी जीत के साथ दिल्ली सेमीफाइनल में, रीवा को 83 रनों से रौंदा

**शहडोल/बुढार। दोपहर मेट्रो**



नगर के स्व. कुशाभाऊ ठाकरे स्टेडियम में खेली जा रही अखिल भारतीय विधायक गोल्ड कप क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल लालबहादुर शास्त्री क्रिकेट अकादमी दिल्ली और रीवा के बीच खेला गया, मैच में दिल्ली की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए रीवा पर 83 रनों से जीत दर्ज। आज के मैच में टॉस के दौरान अतिथियों के तौर पर बुढार के नगर निरीक्षक विनय सिंह गहरवार , भाजपा के जिला उपाध्यक्ष राकेश पांडे ,बकहो मंडल के भाजपा अध्यक्ष धर्मेंद्र दुबे रहे जिन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया एवं टॉस की औपचारिकताएं पूरी की।

मैच का टॉस रीवा ने जीता और रीवा के कप्तान ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया , गेंदबाजी का यह निर्णय तब गलत साबित हुआ जब के लिए तब उपयोगी हुआ जब मैच के शुरुआती ओवरों में ही दिल्ली के बल्लेबाजों ने ताबड़तोड़ अंदाज में बल्लेबाजी जारी की , बल्लेबाजों का यह अंदाज पारी के अन्तिम ओवरों तक जारी रहा , और टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकटों के नुकसान पर 251 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। दिल्ली की ओर से बल्लेबाज अनन्तवीर शानदार अर्धशतक लगाते हुए 68 रन बनाए , बल्लेबाज अर्णव बुग्गा ने 41 एवं प्रियांशु यादव ने 34 रन बनाए , रीवा की ओर से गेंदबाज देव गौतम ने 2 विकेट लिए। 252 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी रीवा की टीम शुरुआती झटकों से नहीं उबर पाई,दिल्ली की टीम की धारदार गेंदबाजी की वजह से रीवा की टीम निर्धारित 20 ओवरों में 9 विकटों पर 168 ही बना पाई और इस मैच को 83 रनों से गंवा दिया, रीवा की ओर से बल्लेबाज हर्षित और देव गौतम ही कुछ देर तक संघर्ष कर सके जिन्होंने क्रमश 49 और 48 रन बनाए , दिल्ली की ओर से कुमार विनायक ने 3 और अर्णव बुग्गा ने 2 विकेट लिए । दिल्ली टीम की ओर से शानदार आलराउंड प्रदर्शन करने वाले अर्णव बुग्गा को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया , जिन्हें राजन द्विवेदी ने पुरस्कृत किया। टूर्नामेंट में आज दिल्ली टीम के प्रायोजक अशोक चतुर्वेदी एवं जितेंद्र सिंह ( जित्तू )रहे जबकि रीवा टीम के प्रायोजक हिमांशु खंडेलवाल एवं गौरव खंडेलवाल रहे। मैच में अंपायरिंग आनंद त्रिपाठी और नृपेंद्र सिंह ने की, जबकि मैच का आंखों देखा हाल कलाम मोहम्मद, अजय द्विवेदी और सुधीर शर्मा ने सुनाया। मैच के स्कोरिंग का दायित्व मो. याहया एवं राहुल दुबे ने संभाला। पिच क्यूरेटिंग का जिम्मा अमृतांशु मिश्रा और साहिल ताम्रकार ने संभाला। इस पूरे आयोजन समिति के प्रमुख बुढार के पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष कैलाश विशनानी तथा सदस्यों के रूप में अनिल सोनी , श्रीनिवास द्विवेदी, पवन नियर्सेस, अवधेश पांडे (पिंटू) , राजीव त्रिपाठी , राकेश त्रिपाठी , महेंद्र त्रिपाठी , योगेंद्र सिंह, पुष्पराज सिंह जुगुल किशोर मिश्रा इत्यादि प्रमुख हैं ।

# करंट के प्रवाह से मादा बाघ की मौत

**शहडोल/उमरिया।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की सीमा से लगे राजस्व क्षेत्र में खेत की सुरक्षा के लिए लगाई गई सोलर फेंसिंग में दौड़ रहे करंट ने एक और मादा बाघ की जान ले ली। बताया जा रहा है कि 5 वर्षीय मादा बाघ का जबड़ा सोल फेंसिंग में फंस गया था और लगातार करंट के प्रवाह की वजह से उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को मिले मादा बाघ के शव का सक्षम वन्य चिकित्सकों की उपस्थिति में विस्तृत पोस्टमॉर्टम किया गया। जांच के लिए नमूना संकलन कर लिया गया है। आवश्यक कार्रवाई उपरांत शवदाह की कार्रवाई की गई। क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व ने बताया कि निजी राजस्व क्षेत्र, ग्राम पुटपुरा, धमोखर बफर के बीट पिपरिया के पीएफ 112 से लगभग 700 मीटर दूर मादा बाघ का शव मिला था। उम्र 4 से 5 वर्ष है। सूचना मिलते ही विभागीय अमला मौके पर पहुंचा। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के तहत आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ की गई। संभावित मृत्यु का कारण सोलर फेंसिंग में उलझने से लगातार विद्युत प्रवाह बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त होते ही वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया तथा एनटीसीए के निर्देशानुसार प्रक्रियाएं शुरू की गईं।


## कार्यालय अधीक्षक, म.प्र. स्टेट गैरेज जहांगीराबाद, भोपाल

दूरभाष नं. 0755-2766832 E-mail id mpsgarage@mp.gov.in

कमांक/960 / म.प्र.स्टेट गैरेज / ई. निविदा / 2026/ भोपाल दिनांक 13/1/26

### ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रण सूचना

कार्यालय म.प्र. स्टेट गैरेज द्वारा आपूर्तिकर्ताओं से ई-टेण्डर के माध्यम से विभिन्न प्रकार के वाहनों की न्यू बैट्री का क्रय हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित सामग्री का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in/ पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई.डी. | सामग्री का नाम | वहनों का विवरण | सामग्री की समयावधि एवं अनुमानित व्यय | निविदा प्रारूप का मूल्य एवं ई.एम.डी राशि | निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | Supdt./ MP State/ Garage/ 960/ 2026 | विभिन्न प्रकार के वाहनों की न्यू बैट्री सामाग्री का क्रय | 1. इनोवा क्रिस्टा, 2. इनोवा, 3. सफारी स्ट्रोम, 4. इन्डीगो 5. इन्गीगो माजा, 6. मारूती सियाज,7. मारूती अल्टो | 01 वर्ष 2025-26 हेतु | 1. 500/- 2. 5500/- | 13.01.26 से 02.02.26 |

शर्तें:-

1. निविदा से संबंधित विस्तृत शर्ते कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। सामग्री की दरे GST राशि सहित प्रदाय करना होगी।
2. निविदा में यदि कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा । उसके लिये पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
1. दर डालने की तिथि :- 13/01/2026 से 02 / 02 / 2026
2. तकनीकी एवं वित्तीय ऑफर खोलने की तिथिः - 03 / 02 / 2026

जी-24436/25

अधीक्षक
म.प्र.स्टेट गैरेज, भोपाल

पिच बनाम टॉस

# इंदौर की भारत-न्यूजीलैंड निर्णायक भिड़ंत

टीम इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच खेली जा रही वनडे सीरीज का आखिरी व निर्णायक मुकाबला आज इंदौर के होलकर स्टेडियम में खेला जायेगा।दोनों टीमों के बीच यह सीरीज फिलहाल 1-1 की बराबरी पर है।इसी वजह से पिछले कई दिनों से सुर्खियों में रहे इंदौर में खेल जाने वाला यह मैच सीरीज के नजरिये से काफी अहम होगा। भले ही टीम इंडिया का इंदौर में वनडे रिकॉर्ड शत प्रतिशत रहा हो,फिर भी मौजूदा सीरीज में हुए 2 मैचों में टॉस का किरदार भी नकारा नहीं जा सकता है।दरअसल सीरीज की शुरुआत में दोनों टीमों के खिलाड़ियों की वजह से ऐसा माना जा रहा था कि टीम इंडिया का पलड़ा बेहद मजबूत रहेगा,लेकिन जिस अंदाज में मेहमान टीम के युवा खिलाड़ियों ने मेजबान टीम को टक्कर दी है इसी वजह से आज की फाइनल भिड़ंत पर कोई भी आकलन आसान नहीं कहा जा सकता है।वैसे तो टीम इंडिया ने यहां खेले गए सभी 7 मुकाबलों में जीत हासिल की है और गंभीर सेना इसी कड़ी में 1 और जीत दर्ज कर सीरीज अपने नाम करना चाहेगी।अब अगर हम दोनों टीमों के बीच सीरीज में हुए 2 मुकाबलों की बात करें तो फिर तमाम दिग्गज बल्लेबाजों से सजी टीम इंडिया की असल बागडोर रोहित और कोहली के इर्दगिर्द व टीम का सबसे मजबूत आधारस्तंभ के एल राहुल तक सिमट कर रह गयी है।कप्तान शुभमन गिल ने अर्धशतकीय पारियाँ जरूर खेली हैं लेकिन उनकी बल्लेबाजी में वह बात नजर नहीं आयी जो उनकी पहचान है। शायद इसी वजह से टीम इंडिया की दमदार बल्लेबाजी भी वह कारनामा नहीं कर सकी जिससे उसकी कमजोर कड़ी यानी गेंदबाजी की खामियों को छुपाया जा सके।सीरीज के दोनों ही मैचों में बुमराह के बिना टीम इंडिया के गेंदबाज लाचार ही नजर आये।पहले मैच में जहां युवा न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों ने 300 रनों के स्कोर खड़ा किया वहीं दूसरे मैच में तो टीम इंडिया के पूरी पारी में बेअसर ही रहे।मतलब साफ है कि अगर टीम इंडिया को मैच जीतने है तो उसके बल्लेबाजों को ही जीत की मजबूत नींव रखनी होगी। भले ही सीरीज बराबरी पर हो ,लेकिनअगर हम पहले 2 मैचों की बात करें तो फिर सही मायने में न्यूजीलैंड टीम का पलड़ा भारी रहा है।क्रिकेट के जानकारों की माने तो राजकोट में हुए दूसरे वनडे में ओस की वजह से टीम इंडिया के गेंदबाज लाचार नजर आये,लेकिन यही हाल पहले मैच में न्यूजीलैंड के गेंदबाजों का था पर उनके युवा गेंदबाजों ने टीम इंडिया के बल्लेबाजों को टारगेट चेस के लिए ठंड के मौसम में पसीने निकलवा दिए थे।खैर जो भी हो अब सीरीज बराबरी पर है और टीम इंडिया का इंदौर के मैदान का रिकॉर्ड उसके लिए आशावादी कहा जा सकता है क्योंकि इस मैदान पर जहां उसने 70 फीसदी मैच पहले बल्लेबाजी करके जीते हैं,वहीं चेस करते हुए भी उसने 30 फीसदी मुकाबले अपने नाम किये हैं।इसी वजह से सीरीज का निर्णायक मुकाबला बेहद दिलचस्प हो सकता है।टीम इंडिया की अंतिम एकादश की बात करें तो फिर देखना यह है कि मजबूत बल्लेबाजी क्रम के बाद टीम मैनेजमेंट गेंदबाजी की धार तेज करने के लिए कौनसा फॉर्मूला अपनाता है।वैसे एक बात तय है कि जो भी टीम इस मैच में टॉस जीतेगी वह पहले गेंदबाजी कर सकती है वजह साफ है कि सर्दियों के मौसम में भारतीय सरजमीं पर सभी टीमें चेस ही करना चाहती हैं,लेकिन अगर हमेशा की तरह इंदौर की सपाट बल्लेबाजी के अनुकूल पिच पर रनों के पहाड़ पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने खड़ा कर दिया तो फिर मैच का टॉस भी बौना साबित हो सकता है।इसी वजह से मेरे नजरिये में इंदौर के इतिहास को देखते हुए आज की निर्णायक भिड़ंत पिच बनाम टॉस रहने वाली है।



आलोक गोस्वामी
खेल विश्लेषक

मेनिनजाइटिस से जंग जीत गए ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज डेमियन मार्टिन


# इमोशनल पोस्ट में लिखा- परिवार के लिए था कठिन दौर

**गोल्ड कोस्ट, एजेंसी**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर डेमियन मार्टिन ने मेनिनजाइटिस जैसी जानलेवा बीमारी से लड़ाई जीतने के बाद अपने परिवार, दोस्तों और मेडिकल टीम का दिल से शुक्रिया अदा किया है। 26 दिसंबर को मार्टिन अचानक गंभीर रूप से बीमार पड़े और उन्हें गोल्ड कोस्ट के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उनके बचने की संभावना 50 फीसदी बताई थी। डॉक्टरों ने 54 वर्षीय डेमियन मार्टिन को उनकी स्थिति बिगड़ने पर इंड्यूस्ड कोमा (कृत्रिम कोमा) में डाल दिया था, ताकि उनका शरीर संक्रमण से लड़ सके। मेनिनजाइटिस दिमाग और स्पाइनल कॉर्ड की झिल्लियों में सूजन पैदा करने वाली जानलेवा बीमारी है।

डेमियन मार्टिन ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि 27 दिसंबर 2025 को उनकी हालत बेहद गंभीर हो गई थी और उन्हें कुछ भी याद नहीं रहा। ऐसे में परिवार और डॉक्टरों के लिए वह समय बेहद मुश्किल था। कोमा से बाहर आने के बाद मार्टिन ना चल पा रहे थे और ना बोल पा रहे थे। लेकिन सिर्फ चार दिन के भीतर डॉक्टरों को चौंकाते हुए उन्होंने चलना और बातचीत शुरू कर दिया। डेमियन मार्टिन ने लिखा, मेरे बचने का चांस 50/50 दिया गया था, लेकिन मैं बाहर आया। शुरू में मैं ना चल सकता था, ना बोल सकता था। चार दिन बाद मैंने दोनों कर दिखाया। डॉक्टर हैरान थे कि मैं इतनी जल्दी कैसे ठीक हो रहा हूं। उन्होंने लिखा कि घर वापस आने और समुद्र किनारे रेत पर कदम रखने से उन्हें जीवन की कीमत का एहसास हुआ।

इस अनुभव ने डेमियन मार्टिन को सिखाया है कि जीवन पल भर में बदल सकता है और समय कितना अनमोल है। उन्होंने पैरामेडिक्स, डॉक्टरों, नर्सों, दोस्तों, परिवार और उन सभी लोगों का आभार जताया जिन्होंने संदेशों के जरिए उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने आगे लिखा, इस अनुभव ने मुझे दिखाया कि दुनिया में कितने शानदार लोग हैं।



### ऐसा रहा मार्टिन का क्रिकेट करियर

डेमियन मार्टिन ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 67 टेस्ट, 208 वनडे और 4 टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले, जिनमें उन्होंने कुल 9872 रन बनाए। उन्होंने दिसंबर 1992 में वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिसबेन में अपना अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था और जल्द ही ऑस्ट्रेलियाई टीम के भरोसेमंद बल्लेबाजों में शामिल हो गए। मार्टिन 2004 में भारत में ऑस्ट्रेलिया की ऐतिहासिक टेस्ट सीरीज जीत के दौरान टीम का महत्वपूर्ण हिस्सा थे। उन्होंने 1999 और 2003 में विश्व कप जीतने वाली ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए अहम योगदान दिया। खासकर 2003 वर्ल्ड कप फाइनल में भारत के खिलाफ उनकी 84 गेंदों में बनाई गई नाबाद 88 रनों की शानदार पारी हमेशा याद रखी जाती है। इस मैच में उन्होंने कप्तान रिकी पोंटिंग (140*) के साथ मिलकर तीसरे विकेट के लिए 234 रनों की अविजित साझेदारी कर ऑस्ट्रेलिया को विशाल स्कोर तक पहुंचाया था। मार्टिन ने 2006-07 की एशेज सीरीज में एडिलेड टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास ले लिया था।

वनडे सीरीज का निर्णायक मुकाबला आज, इंदौर में 100 फीसदी है भारतीय टीम का रिकार्ड

# विराट नहीं गिल हैं होलकर स्टेडियम के किंग, रोहित भी जड़ चुके हैं शतक

**इंदौर, दोपहर**

इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा और निर्णायक मुकाबला आज खेला जाएगा। यह मुकाबला दोपहर से शुरू होगा। भारतीय टीम ने यहां अब तक कुल 7 वनडे मुकाबले 2006 से खेले हैं और सभी में जीत दर्ज की है। ऐसे में इस मैदान पर भारतीय टीम का रिकॉर्ड 100 प्रतिशत है। ऐसे में माना जा रहा है कि भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज करेगी और सीरीज को 2-1 से अपने नाम करेगी। वडोदरा में टीम इंडिया 4 विकेट से जीती, इसके बाद राजकोट में न्यूजीलैंड की टीम ने 7 विकेट से विजय हासिल की।

फिलहाल सीरीज 1-1 से बराबर है।इस मैदान पर एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर 418/5 है। जो साल 2011 में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया। यही भारत का वनडे में सर्वश्रेष्ठ टीम स्कोर है। यह वही मैच था जब वीरेंद्र सहवाग ने तूफानी दोहरा शतक जड़ा था।

अगर इंदौर की बात करें तो यहां वनडे में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड वीरेंद्र सहवाग के नाम है। उन्होंने 2 मैचों में 220 रन ठोके हैं, जिसमें उनका ऐतिहासिक 219 रन का दोहरा शतक भी शामिल है।

वर्तमान वनडे कप्तान शुभमन गिल का बल्ला भी इंदौर में खूब गरजा है। उन्होंने 2 मैचों में 216 रन बनाए हैं और दोनों ही पारियों में शतक जड़ा है।



### आंकड़े सुधारने मैदान में उतरेंगे कोहली

रोहित शर्मा ने यहां 5 मैचों की 5 पारियों में 205 रन बनाए हैं, जिसमें उनका एक शतक भी शामिल है। वहीं न्यूजीलैंड के डेवोन कॉन्वे ने इंदौर में सिर्फ एक मैच खेला है और उसी में 138 रन ठोक दिए। श्रेयस अय्यर ने भी यहां एक मुकाबला खेला और शानदार शतक के साथ 105 रन बनाए। दूसरी ओर विराट कोहली के आंकड़े इंदौर में कुछ खास नहीं रहे हैं। उन्होंने 4 मैचों में सिर्फ 99 रन बनाए हैं, ऐसे में इस बार वह अपने आंकड़े को सुधारने के इरादे से मैदान में उतरेंगे।

#### इंदौर में जब-जब भारतीय टीम ने खेला वनडे मुकाबला

24 सितंबर 2023 - भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 99 रन से हराया
24 जनवरी 2023 - भारत ने न्यूज़ीलैंड को 90 रन से हराया
24 सितंबर 2017 - भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 5 विकेट से हराया
14 अक्टूबर 2015 - भारत ने साउथ अफ्रीका को 22 रन से हराया
8 दिसंबर 2011 - भारत ने वेस्टइंडीज को 153 रन से हराया
17 नवंबर 2008 - भारत ने इंग्लैंड को 54 रन से हराया
15 अप्रैल 2006 - भारत ने इंग्लैंड को 7 विकेट से हराया

#### मैदान से सहवाग का खास नाता

इस मैदान से टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग का भी खास नाता रहा है।, 8 दिसंबर 2011 को सहवाग ने इस स्टेडियम में इतिहास रचा था। तब सहवाग ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ओडीआई मैच में 149 गेंदों पर 219 रनों की ऐतिहासिक पारी खेली थी। ओडीआई क्रिकेट में बतौर कप्तान किसी बल्लेबाज का ये बेस्ट स्कोर है। 14 साल गुजर गए, लेकिन कोई भी कप्तान इस रिकॉर्ड को तोड़ नहीं सका। वीरेंद्र सहवाग ने अपनी 219 रनों की पारी में 7 छक्के और 25 चौके ठोकते हुए वेस्टइंडीज को तहस-नहस कर दिया था। सहवाग के इस धमाकेदार रिकॉर्ड को करीब 6 साल बाद रोहित शर्मा ने जरूर चुनौती दी थी।

## एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य बने विजेंद्र सिंह,



**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजी के दिग्गज विजेंदर सिंह को एशियाई मुक्केबाजी परिषद में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है, जो एक शीर्ष खिलाड़ी से वैश्विक खेल प्रशासक बनने के उनके सफर में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है। विजेंदर भारत के पहले ओलंपिक मुक्केबाज हैं, जिनके पास एमेच्योर और पेशेवर मुक्केबाजी दोनों में खेल के सर्वोच्च स्तर पर खेलने का लगभग दो दशकों का अनुभव है। एशियाई मुक्केबाजी परिषद में उनकी नियुक्ति खेल की उनकी गहरी समझ और पूरे महाद्वीप में इसके विकास के प्रति उनकी निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। विजेंदर ने कहा, एशियाई मुक्केबाजी परिषद के सदस्य के रूप में नियुक्त होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इस जिम्मेदारी को मुझे सौंपने के लिए मैं भारतीय मुक्केबाजी महासंघ और उसके नेतृत्व का आभार व्यक्त करना चाहता हूं। उम्मीद है कि मैं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पूरी क्षमता से इस भूमिका को निभाऊंगा। जिस तरह हमने बीजिंग में इतिहास रचा, उसी तरह मैं एशिया में मुक्केबाजी के विकास के लिए प्रतिबद्ध हूं। मैं विशेषकर भारतीय मुक्केबाजों पर ध्यान देने और भविष्य में हमारे खिलाड़ियों को और अधिक सफलता हासिल करने में मदद करने के लिए भी प्रतिबद्ध हूं। एशियाई मुक्केबाजी परिषद पूरे क्षेत्र में खेल के प्रतिस्पर्धी और विकास ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विजेंदर भारत की सबसे प्रसिद्ध खेल हस्तियों में से एक हैं।

मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

### फराह खान ने अक्षय खन्ना को बताया ऑस्कर

# अभिनेत्री बोलीं- धुरंधर के बाद तीस मार खान का राज चल रहा

अक्षय खन्ना को धुरंधर में अपने दमदार अभिनय के लिए जबरदस्त सराहना मिली है। आदित्य धर की इस फिल्म में उन्होंने खौफनाक पाकिस्तानी गैंगस्टर रहमान डकैत का किरदार निभाया है। कई दर्शकों का कहना है कि अक्षय ने अपनी परफॉरमेंस से पूरी फिल्म ही लूट ली। इस बीच उनके पुराने फैंस ने माना कि वह सालों से लगातार बेहतरीन काम करते आ रहे हैं। इसी वजह से लोगों ने फराह खान की फिल्म तीस मार खान में उनके मजेदार अभिनय को भी फिर से याद करना शुरू कर दिया। फिल्म में अक्षय ने ऑस्कर जीतने की चाह रखने वाले घमंडी सुपरस्टार आतिश कपूर की भूमिका निभाई थी। हाल ही में फराह खान, बिग बॉस 19 के फाइनलिस्ट



प्रणित मोरे के घर अपने नए व्लॉग की शूटिंग के लिए पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि अक्षय खन्ना खुद ही ऑस्कर हैं। डायरेक्टर फराह खान ने यह भी कहा कि धुरंधर के बाद कई लोग तीस मार खान का उदाहरण देकर यह बता रहे हैं कि अक्षय सालों से कितने शानदार कलाकार रहे हैं। बातचीत की शुरुआत तब हुई जब प्रणित, फराह के कुक दिलीप को स्टैंड-अप कॉमेडी सिखाने की कोशिश कर रहे थे। दिलीप को ज्यादा समझ नहीं आया और उसने कह दिया कि तीस मार खान उसकी पसंदीदा फिल्म है। इस पर फराह ने कहा, धुरंधर के बाद अगर किसी फिल्म का राज चल रहा है, तो वो तीस मार खान ही है। प्रणित ने आगे जोड़ा, असली ऑस्कर तो वहीं है, आपकी फिल्म में। फराह ने इसे सही मानते हुए कहा, ऑस्कर। फिल्म में आतिश कपूर बार-बार यह बोलते है क्योंकि वह किसी भी तरह ऑस्कर जीतना चाहता है।

#### जेन जी की फेवरेट है तीस मार खान

तीस मार खान, साल 2010 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। ये फिल्म उन दिनों बॉक्स ऑफिस पर उम्मीद के मुताबिक परफॉर्म नहीं कर पाई थी। इस हाइस्ट कॉमेडी थ्रिलर फिल्म में अक्षय कुमार और कटरीना कैफ लीड रोल में नजर आए थे। पिक्चर भले ही तब न चली हो, लेकिन आज जेन जी की फेवरेट बन चुकी है। अक्सर सोशल मीडिया पर इसके चर्चे होते हैं। धुरंधर की बात करें तो इसमें रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। वो इंडियन स्पाई बने हैं। अक्षय खन्ना ने इसमें विलेन का रोल निभाया है। इसमें अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त और सारा अर्जुन भी अहम किरदारों में हैं। यह 2025 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है।

# मर्दानी बनकर लौट रहीं रानी फिल्म को मिला ए सर्टिफिकेट

बॉलीवुड एक्ट्रेस रानी मुखर्जी जब भी बड़े पर्दे पर आती हैं, तब वो अपनी एक्टिंग से लोगों को हैरान करने का कोई मौका नहीं छोड़ती। उनकी आखिरी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे ऑडियंस को बेहद पसंद आई थी। जिसका नतीजा बाद में ये हुआ कि उन्हें अपने करियर का पहला एक्टिंग नेशनल अवॉर्ड मिला। रानी मुखर्जी ने फिल्मों में कई अलग तरह के रोल किए। लेकिन उनमें से सबसे आइकॉनिक फिल्म मर्दानी में निभाया किरदार इंस्पेक्टर शिवानी शिवाजी रॉय का था। रानी की ये मूवी फ्रैंचायजी बॉक्स ऑफिस पर हिट ही साबित हुई। लोगों ने एक्ट्रेस को इस रोल में काफी प्यार दिया। अब रानी एक बार फिर मर्दानी 3 से अपने



आइकॉनिक किरदार को बड़े पर्दे पर लेकर आ रही हैं।

कुछ दिनों पहले मर्दानी 3 का दमदार ट्रेलर भी सामने आया था, जिसने लोगों को शॉक में डाल दिया। ट्रेलर ने लोगों के दिमाग पर इस तरह असर डाला कि इसकी चर्चा सोशल मीडिया पर अभी तक हो रही है। फिल्म की रिलीज डेट नजदीक है। ऐसे में सेंसर बोर्ड से इसे सर्टिफिकेट मिल गया है। रिपोर्ट अनुसार, मर्दानी 3 को /A 16+ सर्टिफिकेट दिया गया है। सूत्रों ने फिल्म के रनटाइम का भी खुलासा किया है। रानी की ये फिल्म 2 घंटा 10 मिनट लंबी होने वाली है। मर्दानी 3 इस फ्रैंचायजी की सबसे लंबी फिल्म होने वाली है।

#### थिएटर में देख सकेंगे 16 साल से ज्यादा उम्र के लोग

मर्दानी 3 में जिस हिसाब का कंटेंट दिखाया गया, उससे माना जा रहा था कि इसे ए सर्टिफिकेट मिलेगा। क्योंकि फिल्म के पहले पार्ट को ए सर्टिफिकेट दिया गया था। लेकिन अब इसे 16 साल से यादा उम्र के लोग थिएटर्स में आराम से देख सकेंगे। इस बार मर्दानी 3 की कहानी ह्यूमन ट्रैफेकिंग से भी एक लेवल ऊपर होने वाली है। रानी के किरदार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने खूंखार अम्मा का चैलेंज होने वाला है, जो थिएटर से ही माहौल बना चुका है। फिल्म मर्दानी 3 थिएटर्स में 30 जनवरी को रिलीज होगी।



मेट्रो बाजार

# भारत-कनाडा नए अवसरों को खोलेंगे -संबंधों को मजबूत करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया के प्रीमियर डेविड एबी से मुलाकात की। इस बैठक में भारत और कनाडा के बीच रिश्तों को और मजबूत करने और नए अवसरों को खोलने पर चर्चा हुई।

पीयूष गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म %एक्स% पर पोस्ट कर कहा कि उनकी यह बैठक काफी सकारात्मक और उपयोगी रही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इस चर्चा का मुख्य उद्देश्य भारत-कनाडा के आर्थिक संबंधों को मजबूत करना, व्यापार और निवेश को बढ़ावा देना और कई क्षेत्रों में मिलकर काम करने की संभावनाएं तलाशना था। इन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण खनिज, मैन्युफैक्चरिंग, स्वच्छ ऊर्जा, तकनीक, शिक्षा, रक्षा और इनोवेशन शामिल हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों के बीच लगातार बातचीत और सहयोग बनाए रखना बहुत जरूरी है ताकि नए मौके मिल सकें और आपसी रिश्ते और गहरे हों।

गोयल जल्द ही एक बड़े व्यापार और निवेश प्रतिनिधिमंडल के साथ कनाडा का दौरा करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच व्यापार और कारोबारी रिश्तों को आगे बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि भारत और कनाडा के बीच व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर बातचीत शुरू करने का लक्ष्य भी है। पिछले साल नवंबर में भारत और कनाडा ने यह सहमति जताई थी कि अगले वर्ष की शुरुआत में दोनों देशों के व्यापार और निवेश से जुड़े लोगों के साथ मंत्री स्तर की बैठकें की जाएंगी।

# एफआईआई की भारी बिकवाली से बाजार पस्त निवेश का रुख अब नॉर्थ एशिया की ओर

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों(एफआईआई )की बिकवाली भारतीय शेयर बाजारों से लगातार जारी है। 16 जनवरी 2026 को समाप्त हुए सप्ताह तक एक बिकवली देखने को मिली। 16 जनवरी तक एफआईआई की कुल बिकवाली 22529 करोड़ रुपये की रही। इसी महीने एफआईआई एक दिन छोड़कर सभी बाकी दिनों में बिकवाली करते रहे। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि दूसरे देशों के बड़े बाजारों की तुलना में भारतीय बाजारों ने 2026 की शुरुआत से खराब प्रदर्शन करते हुए देखा जा रहा है। निफ्टि का सालाना आधार पर 1.73 प्रतिशत का रिटर्न रहा है। विशेषज्ञों का कहना है, एफआईआई की बिक्री का रुझान भारतीय शेयर बाजारों में तब तक जारी रह सकता है, जब तक बाजार में तेजी के लिए कुछ पॉजिटिव ट्रिगर नहीं आ जाता है। जियोजित इंवेस्टमेंट लिमिटेड के मुख्य निवेशक रणनीतिकार वीके विजयकुमार बताते हैं, साल 2025 में बाजार के बर्ताव की एक विशेष बात यह थी कि पिछले साल भारतीय बाजारों के खराब प्रदर्शन (निफ्टी का रिटर्न सिर्फ 10 प्रतिशत) किया लेकिन घरेलू संस्थागत निवेशक ने 7.44 लाख करोड़ रुपये का बड़ा निवेश बाजार में किया था। जिसने एफआईआई की 166283 करोड़ रुपये की कुल बिक्री को पूर तरह से पीछे छोड़ दिया था। इस खराब प्रदर्शन की मुख्य वजह भारत में कंपनियों की खराब अर्निंग्स ग्रोथ (खराब आय) और उसके चलते बढ़े हुए वैल्यूएशन थे। उन्होंने कहा भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर जारी सस्पेंस ने भी भावनाओं पर असर डाला।





# मौनी अमावस्या
## संगम में डुबकी लगाने उमड़ा सैलाब

**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेले में आज संगम तट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। घाटों पर लोग ही लोग नजर आए। अब तक करीब दो करोड़ लोग स्नान कर चुके थे। प्रशासन का दावा है कि आज देर शाम तक कम से कम चार करोड़ लोग डुबकी लगाएंगे। इधर, मेले मे भीषण कोहरा भी है। विजिबिलिटी 10 मीटर तक रह गई है। लोग सुबह 4 बजे से ही जय गंगा मैया के उद्घोष के साथ स्नान करना शुरू कर दिए थे। स्नान के बाद श्रद्धालु लेटे हनुमान जी के दर्शन भी करते नजर आए। भीड़ को देखते हुए अक्षयवट के दर्शन बंद कर दिए गए हैं। इसके अलावा, नावों का संचालन भी बंद है।



## न्यूज विंडो

### देहरादूनः जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग और मारपीट, बेल्टों से पीटा

**देहरादून।** उत्तराखंड के देहरादून से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के गवर्नमेंट दून मेडिकल कॉलेज (पटेल नगर, देहरादून) में सीनियर छात्रों द्वारा जूनियर छात्रों के साथ रैगिंग और मारपीट की घटना सामने आई है। आरोप है कि जूनियर्स को बेल्टों से पीटा गया है।मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल डॉक्टर गीता जैन का इस मामले को लेकर बयान भी सामने आया है। उन्होंने बताया कि एंटी-रैगिंग कमेटी इस घटना की विस्तार से जांच कर रही है। कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद दोषी छात्रों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। डिसिप्लिन कमेटी ने छात्रों के बयान दर्ज किए हैं और कहा है कि कॉलेज में अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।कॉलेज प्रशासन ने कहा है कि अगर छात्रों पर लगे आरोप सही पाए जाते हैं, तो आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी, जिसमें कॉलेज से सस्पेंड करना भी शामिल हो सकता है।

### कोहरे के कारण भीषण हादसा पिता-पुत्र समेत तीन की मौत



**रामपुर।** हाइवे पर घने कोहरे के कारण हुए हादसे में पिता-पुत्र समेत तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों घर से मजदूरी करने के लिए जा रहे थे। हादसा शहजादनगर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह नौ बजे हुआ। मिलक कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लाडपुर का मझरा निवासी मान सिंह अपने बेटे सूरज और भतीजे कल्यान के साथ बाइक से रामपुर में मजदूरी करने जा रहे थे। शहजादनगर ओवरब्रिज पर घने कोहरे में रांग साइड आटो सामने आ गया और बाइक में टक्कर मार दी।हादसे में पिता और पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कल्यान ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। शहजादनगर थाना पुलिस भी आ गई। हादसे के बाद वहां जाम लग गया। पुलिस ने जाम में फंसे वाहनों को ओवरब्रिज के नीचे से निकलवाकर यातायात सुचारू कराया।

### अमेरिकाः कैदियों का जमकर उत्पात, 46 को बंधक बनाया

**ग्वाटेमाला सिटीः** मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला की जेल में कैदियों के द्वारा विद्रोह का मामला सामने आया है। यहां ग्वाटेमाला की तीन जेल में कैदियों ने जेल के कई सुरक्षाकर्मियों को बंधक बना लिया। जानकारी के मुताबिक कैदियों ने करीब 46 सुरक्षाकर्मियों को बंधक बना लिया है। वहीं कैदियों ने जेल के अंदर जमकर उत्पात भी मताया है। ऐसा प्रतीत होता है कि कैदियों ने उपद्रव करने के बाद सुरक्षाकर्मियों को बंधक बनाया। मामले को बिगड़ता हुआ देख प्रभावित जेलों के बाहर राष्ट्रीय पुलिस को तैनात कर दिया गया है। वहीं अभी तक इस मामले में किसी के भी मारे जाने की सूचना नहीं मिली है। वहीं इस पूरे मामले पर ग्वाटेमाला के गृह मंत्री मार्को एंतोनियो विलेदा ने कहा कि वह कैदियों से बातचीत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन 46 बंदी बनाए गए सुरक्षाकर्मियों की रिहाई के बदले उनकी मांगों को स्वीकार नहीं करेंगे। बता दें कि इससे पहले शनिवार को गृह मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि कैदियों का यह विद्रोह जेल प्रशासन द्वारा गिरोहों के कुछ नेताओं से सुविधाएं छीने जाने के फैसले का सीधा नतीजा है। फिलहाल सरकार पर लगातार बंधक बनाए गए सुरक्षाकर्मियों को छुड़ाने का दबाव बन रहा है।

### यूपी में विजिबिलिटी 50 मीटर, बिहार के 15 जिलों में तापमान 10 डिग्री से नीचे

# हिमाचल में तापमान माइनस 2.6⁰, उत्तराखंड में बर्फबारी

नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश में ताबो 24 घंटे में सबसे सर्द रहा, यहां का तापमान माइनस 2.6डिग्री रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने 22 और 23 जनवरी को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी, मध्य और निचले इलाकों में बारिश की संभावना जताई है। वहीं, उत्तराखंड के चमोली और पिथौरागढ़ के ऊंचे इलाकों में शनिवार को बर्फबारी हुई।

उत्तर प्रदेश के 50 से ज्यादा जिलों में कोहरे के वजह से विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही। लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई से आई फ्लाइट लैंड नहीं कर सकी, जिसे दिल्ली डायवर्ट किया गया।

बिहार के 18 जिलों में कोहरे को लेकर यलो अलर्ट जारी किया है। 15 जिलों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से नीचे रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान सबसे भागलपुर के साबौर का न्यूनतम तापमान 5.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

उधर, राजस्थान में मौसम विभाग ने 22 जनवरी से एक नया स्ट्रॉन्ग वेदर सिस्टम राजस्थान में एक्टिव होने की आशंका जताई है। इसके प्रभाव से आधे से ज्यादा राजस्थान में बारिश होने की संभावना है।



जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में बर्फबारी के बीच मस्ती करते टूरिस्ट।

### ईरान लाएगा मध्य प्रदेश में मावठा, लौटेगी गलन वाली ठंड

**भोपाल।** इस साल रिकॉर्ड तोड़ ठंड से पूरा मध्य प्रदेश ठिठुर गया पर अबतक मावठा की बारिश नहीं दर्ज की गई है। आमतौर पर दिसंबर के अंत में या जनवरी की शुरुआत में मावठा की बारिश होने के आसार रहते हैं। अगले 2-3 दिनों में प्रदेश में भीषण ठंड से कुछ हद तक राहत मिल सकती है। वहीं, 26 जनवरी से पहले या उसके आसपास मावठे की बारिश होने की संभावना बन सकती है। भारतीय मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक, '' आगामी 2-3 दिनों में कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस का उछाल देखने मिल सकता है, जिससे भीषण ठंड से लोगों को कुछ हद तक राहत मिल सकती है। वहीं, उत्तर पश्चिम में ईरान के पास एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में एक पश्चिमी विक्षोम (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) देखा जा रहा है। इसके साथ एक ट्रफ लाइन भी गुजर रही है, जो बारिश करा सकती है।

### ग्रीनलैंड के साथ ही डेनमार्क में भी सड़कों पर उतरे लोग

# ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं, बिना लड़े नहीं छोड़ेंगे



नुक, एजेंसी

डेनमार्क के स्वशासित द्वीप ग्रीनलैंड पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की कब्जे की धमकी के खिलाफ अब ग्रीनलैंड के लोग एकजुट हो गए हैं। हजारों की संख्या में ग्रीनलैंड के लोग सड़कों पर उतरे और अमेरिकी धमकी के खिलाफ मार्च निकाला। राजधानी नुक में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे और उन्होंने राष्ट्रीय ध्वज लहराया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नारे लगाए कि ग्रीनलैंड बिक्री के लिए नहीं है। साथ ही प्रदर्शनकारियों ने धमकी भरे लहजे में कहा कि वे बिना लड़े ग्रीनलैंड नहीं छोड़ेंगे।प्रदर्शनकारियों ने सिटी सेंटर से अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक मार्च निकाला। इस मार्च की अहमियत को इस बात से समझा जा सकता है कि इस मार्च में पूरी राजधानी की करीब एक तिहाई जनता शामिल हुई।

### कोई समझौता नहीं किया जाएगाः ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जे की धमकी तेज कर दी है और अब उन्होंने उन देशों पर टैरिफ लगाने की बात कही है, जो अमेरिका के ग्रीनलैंड पर कब्जे का समर्थन नहीं करेगा। ट्रंप ने कहा कि अगर कोई देश अमेरिका की ग्रीनलैंड को नियंत्रित करने की योजना का समर्थन नहीं करता, तो उस पर टैरिफ लगाया जा सकता है।उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अमेरिका को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए ग्रीनलैंड की जरूरत है और इस मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ट्रंप के इस बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हलचल तेज हो गई है।

## इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर ओवरटेक करने के चक्कर में पलटी बस, 12 यात्री हुए घायल

**राजगढ़।** इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन स्थित धुलेट से दत्तीगांव की ओर जाने वाले मार्ग पर सुबह करीब 5 बजे एक यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। बस में करीब 36 यात्री सवार थे। गनीमत यह रही कि हादसे में किसी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई, हालांकि 10 से 12 यात्रियों को हल्की चोटें आने की जानकारी सामने आई है।घटना की सूचना मिलते ही राजगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को बस से बाहर निकाला और तत्काल उपचार के लिए नजदीकी कंचन हॉस्पिटल भेजा, जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायल खतरे से बाहर हैं।



बस चालक राजस्थान निवासी रूपलाल ने बताया कि यात्री बस जबलपुर से अहमदाबाद की ओर जा रही थी। धुलेट से कुछ दूरी आगे बढ़ने पर आगे चल रही एक आयशर वाहन को ओवरटेक करने का प्रयास किया गया। इसी दौरान आयशर चालक ने अचानक वाहन को बाईं ओर दबा दिया, जिससे बस सड़क से नीचे उतर गई और असंतुलित होकर पलट गई।

## दिल्ली में पकड़ा गया लॉरेंस बिश्नोई गैंग का वांटेड शूटर, 4 करोड़ की रंगदारी के लिए की थी फायरिंग

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजस्थान पुलिस के साथ एक संयुक्त ऑपरेशन में लॉरेंस बिश्नोई गैंग के एक वांटेड शूटर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान 23 वर्षीय प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू के रूप में हुई है, जो मूल रूप से आगरा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है और फिलहाल दिल्ली के उत्तम नगर में छिपकर रह रहा था। दिल्ली क्राइम ब्रांच की एंटी-गैंगस्टर स्क्वाड को दिल्ली और आस-पास के राज्यों में सक्रिय गैंगस्टरों पर नजर रखने का काम सौंपा गया था। मिली गुप्त सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम ने राजस्थान पुलिस के साथ समन्वय कर दिल्ली के उत्तम नगर में छापा मारा और प्रदीप उर्फ गोलू को दबोच लिया। पूछताछ के बाद आरोपी को आगे की जांच के लिए राजस्थान पुलिस के हवाले कर दिया गया है। प्रदीप उर्फ गोलू लॉरेंस बिश्नोई गैंग का एक



सक्रिय सदस्य है और राजस्थान के श्रीगंगानगर इलाके में गैंग की गतिविधियों को अंजाम देता था।मार्च 2025 में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने राजस्थान के जवाहर नगर (गंगानगर) के एक व्यापारी से 4 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। जब व्यापारी ने पैसे देने से इंकार कर दिया, तो गैंग ने प्रदीप गोलू को फायरिंग का काम सौंपा। मई 2025 में प्रदीप ने अपने साथियों के साथ मिलकर व्यापारी के घर पर गोलियां चलाई।

**मेट्रो एंकर** 29 पार्षदों के साथ पांच सितारा होटल में शिंदे की बैठक पर सीएम फडणवीस बोले -

# दलबदल का सवाल ही नहीं उठता...महायुति ही तय करेगी मेयर

मुंबई, एजेंसी

बृहन्मुंबई नगर निगम चुनाव में महायुति ने एक बार फिर जीत का परचम लहराया है। मगर, शिवसेना पार्षदों की 5-स्टार होटल में हुई बैठक के बाद दलबदल की अटकलें लगाई जा रही हैं। हालांकि, मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस मामले पर चुप्पी तोड़ते हुए सभी अफवाहों को सिरे से खारिज कर दिया है। सीएम फडणवीस ने दलबदल की अटकलों से इनकार कर दिया है। उनका कहना है कि मुंबई में सर्वसम्मति से महायुति का महापौर चुना जाएगा।

### सभी को बैठक के लिए बुलाया

शिंदे की होटल में पार्षदों से हुई मुलाकात पर



सीएम फडणवीस ने आगे कहा, 'जैसे मैं पुणे में नवनिर्वाचित पार्षदों से मुलाकात कर रहा हूं, वैसे ही शिंदे भी नए पार्षदों से मिल रहे हैं। उन्होंने सभी को बैठक के लिए बुलाया होगा। दलबदल का कोई सवाल ही नहीं उठता है। '

सीएम फडणवस के अनुसार, शिंदे और मैं जल्द ही अन्य नेताओं के साथ मुलाकात करेंगे। इस दौरान तय होगा कि मुंबई का महापौर कौन होगा और कितने समय के लिए होगा? हमारे बीच कोई मतभेद नहीं है। सबकुछ सामान्य रूप से चल रहा है।

### महापौर पर अटकी बात

बता दें कि चुनाव में 227 में से महायुति गठबंधन को 119 सीटें मिली हैं। इनमें बीजेपी ने अकेले 89 सीटें और शिवसेना ने 29 सीटों पर जीत दर्ज की है। हालांकि महापौर चुनने के लिए बीजेपी को शिवसेना के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि बीजेपी को समर्थन देने के लिए शिंदे कोई बड़ी मांग कर सकते हैं।

### शिवसेना ने बताई बैठक की वजह

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, शिवसेना के कुछ नेताओं ने दावा किया है कि शिंदे ढाई साल के लिए मेयर पद समेत कई शक्तिशाली BMC समितियों में हिस्सेदारी मांग सकते हैं। मगर, शिवसेना ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। शिवसेना का कहना है कि पार्टी ने नए पार्षदों के लिए तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया था, जिसके लिए सभी पार्षदों को एकजुट किया गया था।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564